इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरूण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समयः सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 अंक - 302 राजनांदगांव, रविवार 21 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## 'हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है - एच 1 बी वीजा और अमेरिकी टैरिफ के बीच पीएम मोदी की बड़ी टिप्पणी

भावनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत को एक के बाद एक झटका दे रहा है। टैरिफ का मामला अभी शांत नहीं हुआ और ट्रंप ने एच 1 बी वीजा का बम फोड़ दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत कंपनियों को प्रत्येक एच-1बी वर्कर वीजा के लिए सालाना 1,00,000 डॉलर का भुगतान करना होगा। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भारत में आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया है। अपने भाषण में पीएम मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री क्षेत्र में सरकार के प्रयासों और भारत की क्षमता पर भी प्रकाश डाला।

भारत के आत्मनिर्भर बनने की जरूरत पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश का



असली दुश्मन दूसरे देशों पर निर्भरता है। मोदी ने कहा कि दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। हमारा असली दुश्मन दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता ही है। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन, निर्भरता के दुश्मन को हराना होगा।

### आत्मनिर्भरता के महत्व पर दिया जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेशी निर्भरता जितनी ज्यादा होगी, देश की विफलता उतनी ही ज्यादा होगी। इसके साथ ही उन्होंने भारत में आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि बनाए रखने के लिए आत्मनिर्भर बनना जरूरी है, खासकर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में, आत्मनिर्भर बनना ही होगा।

### एक राष्ट्र, एक दस्तावेज

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय बंदरगाहों के दस्तावेजीकरण से संबंधित सुधार भी लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम भारतीय बंदरगाहों के लिए नए सुधार करने जा रहे हैं। एक राष्ट्र, एक दस्तावेज और एक राष्ट्र, एक बंदरगाह प्रक्रिया से व्यापार आसान होगा।

### चिप्स से जहाज तक

भारत में बनने वाले विविध उत्पादों के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, चिप्स से लेकर जहाज तक हमें सब कुछ बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कल अमेरिका के दौरे पर जाएंगे पीयूष गोयल, ट्रेड डील पर होगी बात

नई दिल्ली। टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका के साथ कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। अब वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 22 सितंबर को व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका का दौरा करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।





मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल की इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूयॉर्क जाएंगे और उनके साथ मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी भी होंगे।

### 16 सितंबर को भारत आया था अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों का एक दल 16 सितंबर, 2025 को भारत आया था। इस दौरान व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई थी और इस संबंध में प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया था। इन चर्चाओं के क्रम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 22 सितंबर 2025 को अमेरिका का दौरा कर रहा है।

### अमेरिका ने भारत पर लगाया 50 प्रतिशत टैरिफ

बता दें अमेरिका द्वारा भारत से भेजे जाने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, जिसमें 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर लगाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का तर्क है कि भारत रूस से तेल खरीद रूस-यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा दे रहा है। जबकि भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए बेबुनियाद बताया और अमेरिका व यूरोपीय यूनियन की दोहरी नीति की निंदा की।

बीच में यूएस के साथ टैरिफ विवाद को लेकर देशों के रिश्तों में काफी हद तक तल्खी देखी गई, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर पीएम मोदी को अपना दोस्त बताया और भारत को अपना पुराना साथी। भारतीय प्रधानमंत्री ने भी जवाब देते हुए ट्रंप को अपना दोस्त बताया और व्यापारिक रिश्तों में जल्द सुधार आने की आशा व्यक्त की। इसके बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि मंडल का भारत दौरा हुआ, लगा की दोनों देशों में टैरिफ के मुद्दे पर जल्द ही बात बन सकती है।

## एनएचएम कर्मियों की 34 दिन की हड़ताल खत्म : सीएम ने 6 मांगें मानीं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बातचीत के बाद एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी 34 दिन की हड़ताल समाप्त कर दी है। एनएचएम कर्मचारी संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने इसकी जानकारी दी।



बिलासपुर में 735 हड़ताली कर्मचारियों ने ढोल-ताशे के साथ सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर ज्वाइनिंग दी। कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। संघ के अनुसार 33 दिनों की हड़ताल के दौरान सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं और स्वास्थ्य सूचकांक की रिपोर्टिंग प्रभावित रही। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर शुक्रवार रात संगठन के पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के मिशन संचालक और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने ग्रेड पे सहित 6 मांगों पर शीघ्र कार्यवाही के दिये निर्देश

मुख्यमंत्री ने ग्रेड पे सहित 6 मांगों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही ग्रेड पे, अनुकम्पा नियुक्ति और स्थानांतरण नीति के लिए बनाई गई कमेटी को 3 महीने में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। कोन्हेर उद्यान में जश्न मनाया शनिवार को बिलासपुर ज़िले के सभी एनएचएम कर्मचारियों ने पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ना पाक पड़ोसियों को कड़ा संदेश: भारत के पड़ोसी अच्छे नहीं..., 1965 भारत-पाक युद्ध पर बोले राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के 60 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में दिल्ली के साउथ ब्लॉक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दिग्गज शामिल हुए। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन दिग्गजों से बातचीत की। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छा संबंध नहीं रहा है, लेकिन हमने इसे नियति माना है। हमने अपनी नियति स्वयं तय की है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि जब भी इसे याद करता हूं तो दिल भारी हो जाता है। मन क्रोध से भर जाता है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ, उसने सभी को झकझोर दिया। वो हमारा मनोबल तोड़ना चाहते थे,



लेकिन वो नाकाम रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाने का संकल्प लिया, जिसकी कल्पना उन्होंने कभी नहीं की होगी। हमने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और दुश्मनों को बता दिया कि हमारा प्रतिरोध कितना मजबूत और शक्तिशाली है। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी टीम ने समन्वय और करिश्मा दिखाकर साबित कर दिया कि जीत अब कोई अपवाद नहीं है। जीत हमारी आदत बन गई है और इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए।

### युद्ध केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ा जाता

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि कोई भी युद्ध केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ा जाता है। युद्ध में प्राप्त विजय पूरे राष्ट के सामूहिक संकल्प का परिणाम होता है। उन्होंने कहा कि 1965 के युद्ध के समय समय कठिन था और चारों तरफ से अनिश्चितता और चुनौतियां थीं। देश ने लाल बहादुर शास्त्री के दृढ़ नेतृत्व में उन चुनौतियों का सामना किया। पूरे देश का मनोबल भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था, जो आज भी हमारे दिलों में गूंजता है। उनके इस नारे में हमारे वीर सैनिकों के सम्मान के साथ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ आएंगे गृह मंत्री अमित शाह 4 अक्टू. को बस्तर दशहरा में होंगे शामिल

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए 4 अक्टूबर को ज ग द ल पु र आएंगे। इसको लेकर उन्होंने



अपने ङ्क अकॉउंट पर ट्वीट कर लिखा कि, नक्सलवाद से मुक्ति और शांति की ओर अग्रसर बस्तर अपने पर्व-त्योहार धूमधाम से मना रहा है। आदिवासी संस्कृति और विरासत का प्रमाण 75 दिनों तक मनाया जाने वाला बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में आने का निमंत्रण मिला। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्सुक हूँ।

आपको बता दें कि, बस्तर सांसद महेश कश्यप ने अमित शाह को विशेष निमंत्रण दिया था। उन्होंने बताया था कि, जिस तरह रियासत काल में राजा मुरिया दरबार में बैठकर मांझी चालाकी की समस्याएं सुनते थे, उसी परंपरा को अब लोकतांत्रिक तरीके से शासन-प्रशासन आगे बढ़ा रहा है। इस वर्ष मुरिया दरबार में गृहमंत्री अमित शाह के साथ ष्टरूविष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री, सांसद और विधायक भी मौजूद रहेंगे। खास बात यह भी है कि बस्तर दशहरा समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रण भेजा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कुम्हारी में पकड़ाया 6.60 करोड़ से ज्यादा नोटों की खेप

दुर्ग (दावा)। पुलिस ने चेकिंग के दौरान नोटों की बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी पाई है। रायपुर से गुजरात जा रही महाराष्ट्र पासिंग गाड़ी से पुलिस ने 6 करोड़ 60 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं। गाड़ी में सवार 4 व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।





जानकारी के अनुसार, कुम्हारी थाने के अंतर्गत पुलिस ने आज सुबह जांच के दौरान महाराष्ट्र पासिंग दो स्कार्पियों गाड़ी से बड़ी मात्रा में नोट मिले। इस संबंध में गाड़ी में सवार लोगों जानकारी मांगी गई तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। बड़ी खेप में गाड़ी से नोट मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी अलेक्जेंडर किरो के साथ कुम्हारी टीआई जनक कुर्रे पहुंच गए। पुलिस पकड़े गए लोगों से नोट के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### हवाला का है पैसा

जानकारी के अनुसार, बड़ी मात्रा में मिले नोटों के साथ पकड़े गए चारों व्यक्ति मूलतः गुजरात के रहने वाले हैं। चारों शख्स इन नोटों को ऊपर से मिलने वाले निर्देश पर रायपुर से गुजरात जाते समय बीच रास्ते में बांटते हुए जाते। नोट के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाए जाने से इस बात की पूरी आशंका है कि यह पैसा हवाला का है, जिसे अलग-अलग जगह खपाया जाने वाला था।

### आयकर की भी टीम पहुंची

रायपुर से गुजरात जा रहे लोगों से बड़ी मात्रा में नोट मिलने की पुलिस से मिली सूचना के बाद आयकर विभाग की भी टीम मौके पर पहुंच चुकी है। दो गाड़ियों में आयकर विभाग के अधिकारी पूछताछ करने के लिए कुम्हारी थाना पहुंचे हैं। आयकर विभाग की टीम नोट से स्त्रोत के साथ-साथ इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी पड़ताल करेगी।

## राहुल गांधी के खिलाफ चलेगा राष्ट्रद्रोह मामला? लखनऊ कोर्ट में याचिका दाखिल

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक बार फिर कानूनी विवादों के घेरे में आ गए हैं। लखनऊ की एमपी-एमएलए विशेष



अदालत में उनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह (आईपीसी धारा 124) और आपराधिक षड्यंत्र (धारा 120बी) के आरोपों का परिवाद दर्ज हो गया है। यह मामला 15 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय (इंदिरा भवन) उद्घाटन के दौरान दिए गए बयान से जुड़ा है, जिसमें राहुल ने कहा था, हम अब भाजपा, आरएसएस और भारतीय गणराज्य से लड़ रहे हैं। परिवादकर्ता अधिवक्ता नृपेंद्र पांडेय ने इसे राष्ट्रविरोधी और देश तोड़ने की साजिश करार दिया है। विशेष न्यायाधीश आलोक वर्मा ने परिवाद स्वीकार कर लिया है, और अगली सुनवाई 1 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है।

### उद्घाटन के दौरान 'गणराज्य से लड़ाई' का ऐलान

कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन समारोह में राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, हम अब भाजपा, आरएसएस और भारतीय गणराज्य से लड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा-आरएसएस ने देश की संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है और कांग्रेस लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही है। यह बयान वायरल हो गया, जिस पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। परिवाद में पांडेय ने आरोप लगाया कि यह बयान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यात्रियों को बड़ी राहत- रेलवे ने घटाई रेल नीर और पैकेज्ड पानी की कीमतें, नई दरें 22 सितंबर से लागू

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए बोतलबंद पीने के पानी रेल नीर की कीमतों में कटौती की है। अब 1 लीटर रेल नीर बोतल रूपये 15 की जगह रूपये 14 में उपलब्ध होगी। वहीं 500एमएल रेल नीर बोतल रूपये 10 की जगह रूपये 9 में मिलेगी।



### रेलवे बोर्ड का फैसला

रेलवे बोर्ड ने फाइनेंस (कॉमर्शियल) निदेशालय की सहमति के बाद यह आदेश जारी किया है। ऑर्डर में कहा गया है कि- रेल नीर ब्रांड की 1 लीटर बोतल की अधिकतम खुदरा कीमत ?14 और 500द्वद्य बोतल की कीमत रूपये 9 तय की गई है। यही दरें आईआरसीटीसी/रेलवे द्वारा अनुमोदित अन्य पैकेज्ड वाटर ब्रांड्स पर भी लागू होंगी।

### रेलवे का आधिकारिक बयान

रेलवे ने अपने आदेश में लिखा, जीएसटी कम किए जाने का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को पहुंचाने के उद्देश्य से Rail Neer का अधिकतम बिक्री मूल्य 1 लीटर के लिए रूपये 15 से घटाकर रूपये 14 और आधा लीटर के लिए रूपये 10 से घटाकर रूपये 9 करने का निर्णय लिया गया है। आपको बता दें कि रेल नीर की नई दरें 22 सितंबर 2025 से लागू होंगी।

### यात्रियों को सीधा लाभ

रेलवे के इस फैसले से रोजाना लाखों यात्रियों को सीधे लाभ होगा क्योंकि रेलयात्रा के दौरान बोतलबंद पानी सबसे ज्यादा खरीदा जाता है।

### 13 साल बाद सर्कुलर में संशोधन

बता दें कि रेलवे ने 2012 में पानी की कीमतों को लेकर सर्कुलर जारी किया था। अब 13 साल बाद 2025 में नई परिस्थितियों और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसमें (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार को लूटा, बना दिया भ्रष्टाचार का अड्डा, सत्ता में आए तो किसी को न छोड़ें

पटना। बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राजद नेता और विपक्ष के चेहरा तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार और लूट के गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। वैशाली में एक रैली को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा, एनडीए सालों से बिहार को लूटता आ रहा है और अब भी लूट रहा है। वे प्रशासन का इस्तेमाल करके विपक्ष को परेशान कर रहे हैं। कई बड़े अधिकारियों और इंजीनियरों के घरों से करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं। बिहार में भ्रष्टाचार व्याप्त है। इन लोगों ने बिहार को सिर्फ लूटा है।

### हम किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति नहीं छोड़ेंगे

उन्होंने आगे कहा कि सरकार बनने पर हम किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को नहीं छोड़ेंगे। हम किसी भी अपराधी को नहीं छोड़ेंगे। चाहे वे कोई भी हों, सभी को सजा मिलेगी। सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। जो भी भ्रष्टाचार करता है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। यह बयान बिहार की राजनीति में भूचाल ला सकता है, खासकर जब हाल ही में अधिकारियों के घरों से नकदी बरामदगी की खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं।



तेजस्वी का एनडीए पर तीखा प्रहार

तेजस्वी यादव का यह बयान बिहार अधिकार यात्रा के दौरान आया, जो 16 सितंबर 2025 को शुरू हुई थी। यात्रा का उद्देश्य बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं पर अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने राज्य को वित्तीय अराजकता में धकेल दिया है। तेजस्वी ने जोर देकर कहा, संस्थागत भ्रष्टाचार और संगठित लूट के कारण बिहार की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

हाल के मामलों का हवाला देते हुए उन्होंने जिलाधिकारियों (डीईओ) और इंजीनियरों के घरों से करोड़ों रुपये की बरामदी का जिक्र किया। जनवरी 2025 में एक ष्ठश्वह्र के घर से भारी नकदी बरामद होने पर उन्होंने कहा था, क्राइम और करप्शन डबल इंजन सरकार के दो इंजन हैं। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि केंद्र की जांच एजेंसियां विपक्ष को दबाने के लिए इस्तेमाल हो रही हैं, जबकि एनडीए के नेता अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं।

### अधिकारियों पर निशाना : करोड़ों की लूट, नालियां तक जाम

तेजस्वी ने भ्रष्टाचार के कई उदाहरण दिए। अगस्त 2025 में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 4,000 करोड़ रुपये की अनियमितता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसी बुनियादी सुविधाओं के नाम पर जनता से हजारों करोड़ वसूले गए। एक अन्य घटना में नोट जलाने के कारण नालियां जाम होने का जिक्र किया, जो एनडीए सरकार के भ्रष्टाचार की हद को दर्शाता है। जून 2025 में उन्होंने नीतीश कुमार सरकार पर नेपोटिज्म और कमीशनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया, कहते हुए कि अब बिहार का स्वामी भगवान है। यह सरकार ढह रही है। तेजस्वी ने दावा किया कि ब्लॉक, पंचायत और पुलिस स्टेशनों में भ्रष्टाचार और वसूली बढ़ गई है, जिससे आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।

### चुनावी जंग में तेजस्वी की रणनीति

यह बयान बिहार विधानसभा चुनावों (अक्टूबर-नवंबर 2025) से पहले आया है, जहां तेजस्वी यादव को विपक्ष का चेहरा माना जा रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हाईवे पर आए दिन मवेशियों की मौत, हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, चीफ जस्टिस बोले- सरकार करें पक्का इंतजाम

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शहर और हाईवे पर आवारा मवेशियों की वजह से हो रहे लगातार हादसों पर कड़ी नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार और प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। बेंच ने कहा कि सरकार सिर्फ योजनाएं और एसओपी बनाकर जिम्मेदारी पूरी नहीं कर सकती। जब तक उनका सही क्रियान्वयन नहीं होगा, सड़कें हादसों का जाल बनी रहेंगी और इंसानों व मवेशियों की मौत का सिलसिला जारी रहेगा।



सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि अधिकारी सिर्फ दिखाने के लिए पेट्रोलिंग और मवेशी हटाने की कार्रवाई न करें, बल्कि समस्या का स्थायी समाधान करें। कोर्ट ने पूछा कि, मवेशियों को गौठान या चारागाह में भेजने की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही? सभी चीजें सिर्फ कागजों में हो रही हैं, प्रैक्टिकली कुछ नहीं हो रहा। मवेशियों को हटाने के लिए जिस एसओपी की बात थी उसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। मवेशियों को प्रदेश में बने चारागाह और गौठान भेजना चाहिए, पर ऐसा कुछ नहीं हो रहा। कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग, शासन, बिलासपुर कलेक्टर, नगर निगम को शपथपत्र पर जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

### हाईकोर्ट ने शासन से पूछा सवाल

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शासन से पूछा कि सड़कों पर लगातार मवेशी नजर आते हैं। इसकी रोकथाम करने नगर निगम, पालिका परिषद वगैरह क्या कर रहे हैं? राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा कि मवेशी हटाने और जिओ टैगिंग की शुरुआत चरणबद्ध तरीके से नगर पालिका स्तर से करनी पड़ेगी। यूपी, जम्मू- कश्मीर जैसे राज्यों में इसी तरीके से सड़कों से मवेशी हटाने की शुरुआत की गई थी। शासन की ओर से कहा गया कि रतनपुर से होकर एनएच-130 पर मवेशी मंच, शेड का निर्माण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एसडीएम के आश्वासन के बाद छत्तीसगढ़ दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ का आंदोलन स्थगित



**मांग पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन-अश्विनी सोनवानी**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ ने रायपुर एसडीएम द्वारा मुख्यमंत्री से तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान करने का आश्वासन मिलने के बाद अपना आंदोलन फिलहाल वापस ले लिया है। संगठन को भरोसा है कि उनकी मांगें पूरी होंगी, लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन पहले से भी अधिक तेज किया जाएगा। संघ की प्रांताध्यक्ष अश्विनी सोनवानी ने कहा कि संगठन प्रदेश भर के मृत पंचायत शिक्षकों की पत्नियों (विधवाओं) अथवा परिवार के अन्य पात्र सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। शासन-प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए और कई बार धरना-प्रदर्शन भी किया गया। लेकिन अभी तक संतोषजनक समाधान नहीं मिला। उन्होंने आगे बताया कि 6 सितंबर को मुख्यमंत्री ने 1200 लंबित प्रकरणों में से केवल 27 लोगों को ही नियुक्ति पत्र जारी किए, जिससे शेष परिजनों में गहरा आक्रोश है। उनके अनुसार यह न्याय नहीं, बल्कि छलावा है। इसी सिलसिले में संगठन ने 19 सितंबर 2025 शुक्रवार को रायपुर के जयस्तंभ चौक में दोपहर 3 बजे से धरना-प्रदर्शन किया था।

प्रदर्शन के दौरान एसडीएम ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर तीन दिन के भीतर समाधान का आश्वासन दिया। संघ की प्रांताध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में मांग पूरी नहीं की गई, तो संगठन मजबूरन उग्र आंदोलन करेगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रीति रामटेके, डीलेश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, सदीप कुमार साय, चंद्रावती, रोहित साहू, राकेश बुमार रात्रे, चंद्रकांत नुरेटी, दीपक कुमार सिदार, मुकेश कुमार राजवाड़े, प्रियंका कुर्रे, चंद्रिका साहू, सिद्धार्थ सिंह परिहार, प्रदीप कुमार, राजेश महिलांग, सुमन यादव, बलेश्वरी भास्कर, रेखा नायक, भगवती कश्यप, घनश्याम, चन्द्रकला ठाकुर, रूखमणी डहरिया, अजनी देवहारी, दुर्गेश कुमार साहू, चित्ररेखा साहू, मायावती बंजारे, कुंती कोठारी, मीना ठाकुर, नवनीत कुमार देवांगन, देवेंद्र कुमार पटेल, रितेश कुमार धनकर, नंदकुमारी निषाद, सजय प्रताप सिंह, पुलेश्वरी ठाकुर, राजेंद्र कुमार साहू, सगीता साहू, कमलेश्वरी खन्ना, रमेश साहू, निर्मला बंजारे, मिथलेश कौशिक आदि उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ स्टेशन में 9 दिन रुकेंगी 10 एक्सप्रेस ट्रेन, नवरात्रि पर दुर्ग से 1 मेमू स्पेशल चलेगी; 2 मेमू ट्रेनें गोंदिया तक जाएंगी

डोंगरगढ़(दावा)। नवरात्रि पर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 9 दिनों के लिए स्टॉपेज दिया है। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग से डोंगरगढ़ तक एक स्पेशल मेमू ट्रेन भी चलाई जाएगी।

रेलवे ने 2 मेमू ट्रेनों को गोंदिया तक आगे बढ़ाया है। इन ट्रेनों में बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर, बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर, बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर और रायपुर-सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज 2 मिनट के लिए दिया जाएगा। इसके साथ ही साथ ही रेलवे ने नवरात्रि पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा के बीच नवरात्रि फेस्टिवल मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन 25 सितंबर 2025 से 3 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। ट्रेन का स्टॉपेज सभी स्टेशनों पर रहेगा। गाड़ी संख्या 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से रोजाना सुबह 05:00 बजे चलेगी और शाम 07:30 बजे कोरबा पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06884 कोरबा से रोजाना सुबह 05:30 बजे चलेगी और शाम 07:30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पहुंचेगी।

### गोंदिया-दुर्ग मेमू का फेरा रायपुर तक बढ़ाया

गोंदिया-दुर्ग मेमू को 9 दिन के लिए रायपुर तक बढ़ाया गया है। यह ट्रेन गोंदिया से दुर्ग तक पहुंचने के बाद भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, भिलाई, देव बलौदा चरौदा, डी-केबिन, कुम्हारी, सरोना होते हुए रायपुर पहुंचेगी। वापसी में भी यही मार्ग तय करते हुए गोंदिया लौटेगी।

### गोंदिया तक जाएगी रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू

इसी तरह रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू को 9 दिन के लिए गोंदिया तक बढ़ाया गया है। यह ट्रेन डोंगरगढ़ से चलकर गुदमा, आमगांव, धानौली, सालेकसा, दरेकसा, बोरतलाव, पनिया-जोब होते हुए गोंदिया पहुंचेगी। वापसी में गोंदिया से डोंगरगढ़ होते हुए रायपुर तक जाएगी।

### दुर्ग और डोंगरगढ़ के बीच मेमू स्पेशल

इसके अतिरिक्त दुर्ग और डोंगरगढ़ के मध्य 9 दिन के लिए एक मेमू स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी। यह ट्रेन दुर्ग से रसमड़ा, मुरहीपार, परमलकसा, राजनांदगांव, बकल, मुसरा, जटकन्हार होते हुए डोंगरगढ़ पहुंचेगी।

## सहायक संचालक श्रीमती रीनू ठाकुर का निधन



रायपुर (दावा)। जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक श्रीमती रीनू ठाकुर का दिनाँक 19 सितंबर को मुंबई में निधन हो गया है। वे अधिवक्ता सूरज मिश्रा की पत्नी और आदित्य व अनुराधा ठाकुर की बहन थी। उनका अंतिम संस्कार आज 21 सितंबर रविवार को सुबह दस बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा।

## पहला कॉलम...

### ओंकार दास वैष्णव के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम खैरा निवासी ओंकार दास वैष्णव पिता स्व. चुरामन दास वैष्णव प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन 19 सितंबर 2025 को हो गया जिनकी अंतिम यात्रा में वैष्णव समाज एवं सर्व समाज व ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित वैष्णव समाज के मंडलेश्वर, अनुप दास वैष्णव, उप मंडलेश्वर जगेश्वर वैष्णव, सलाहकार मेघदास वैष्णव, सचिव तजेन्द्र दास वैष्णव, जगमोहन वैष्णव, भीखम वैष्णव, परमेश्वर दास वैष्णव, लक्ष्मीनारायण वैष्णव (पूजारी लांजी राम मंदिर), प्रकाश वैष्णव, देव कुमार वैष्णव, रामकुमार वैष्णव, देवेन्द्र वैष्णव, खेलन दास वैष्णव, अशोक वैष्णव, रवि वैष्णव, शुभम वैष्णव, त्रिवेणीदास वैष्णव, किशोर दास वैष्णव, निर्मल वैष्णव, नीरज वैष्णव, दीपक वैष्णव, ग्राम प्रमुख- धुरऊ साहू, नंदलाल साहू, कार्तिक यादव, बृजलाल यादव अंकालू निषाद, ठाकुर राम साहू, रामगुलाल यादव, नरेश ठाकुर, दशरथ साहू, विक्रम यादव, गगन साहू एवं सर्व समाज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मुक्तिधाम में शामिल होकर स्व. ओंकार दास वैष्णव को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किये।

### भाजपा युवा नेता टाकेश सिन्हा की बहन लता सिन्हा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम जोरातराई बोरी निवासी लता सिन्हा का निधन शनिवार 20 सितंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 21 सितंबर प्रातः 10 बजे ग्राम जोरातराई बोरी से निकाली जाएगी। ग्राम जोरातराई बोरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। शोकाकुल परिवार में माता श्रीमती कुमारी बाई सिन्हा एवं भाई टाकेश सिन्हा सहित परिजन गहन शोक में डूबे हुए हैं। विदित हो कि स्वर्गीय लता सिन्हा भाजपा युवा नेता टाकेश सिन्हा की छोटी बहन थीं।

### श्रीमति राधादेवी पांडे का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। स्वर्गीय अधिवक्ता सुशील कुमार पांडे की धर्मपत्नी श्रीमति राधादेवी पांडे का निधन कल रात को हो गया। वे राजकुमार पांडे, विकास पांडे, मनीष पांडे की माता जी थी। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास भगतसिंग चौक से शनिवार को दोपहर को चौथाना मुक्तिधाम के लिए रवाना की गई।

### आज अभा. पुजारी पुरोहित संघ की महाबैठक

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की जिला कार्यकारिणी की महाबैठक आज दिनांक 21 सितम्बर को राष्ट्रीय कार्यालय श्री बाला बाबा मंदिर सोनार पारा में दोपहर 1 बजे से रखी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी, छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी तथा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दास बैठक में मौजूद रहेंगे। मीडिया को जानकारी देते हुए जिला सचिव ज्ञानेश्वर दास वैष्णव ने कहा कि संत समाज पुरोहित पंडितों तथा पुजारी का इकट्ठा होना और संगठन करना अति आवश्यक हो गया है।

# शाम 5 बजे बाद बदल गया मौसम का मिजाज, बिजली की तेज गर्जना के बाद मूसलाधार बारिश



राजनांदगांव (दावा)। शहर में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर की उमस और चटक धूप के बाद शाम 5 बजे के बाद अचानक बादलों की तेज गर्जना हुई, और तेज मूसलाधार बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। बारिश करीब दो घंटे तक रुक-रुककर होती रही, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। शाम को अचानक बिजली की तेज गरज ने शहरवासियों को चौंका दिया। कई लोगों को लगा कि कहीं बादल फट न जाएं, क्योंकि आवाज इतनी तेज थी कि घरों की खिड़कियां तक कांपने लगीं। इसके कुछ ही देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज थी कि कई निचली बस्तियों में पानी घरों तक घुस गया।

बारिश के कारण ममता नगर अंडरब्रिज में पानी भर गया, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। वहां पैदल और दोपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि हर साल इसी तरह की स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं किया गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक देशभर में अलग-अलग हिस्सों में द्रोणिकाएं सक्रिय हैं, जो छत्तीसगढ़ के मौसम को भी प्रभावित कर रही हैं। विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन उसके बाद फिर से बारिश का नया दौर शुरू हो सकता है। पिछले कुछ दिनों से गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर रही थी। पितर पक्ष के दौरान तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही थी। लेकिन शनिवार की शाम की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई और मौसम को सुहाना बना दिया।

## आज गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक श्राद्ध तर्पण

राजनांदगांव (दावा)। विगत 15 दिनों से जारी पितृ पखवाड़े का आज सर्व पितृमोक्ष अमावस्या को सभी जाने-अनजाने पितरों का श्राद्ध तर्पण किया जाएगा। इसी के साथ पितृ पखवाड़े की समाप्ति होगी।

बता दें कि गायत्री शक्तिपीठ की तरफ से आज रविवार 21 सितंबर को सभी पावन पितरों की स्मृति में सामूहिक श्राद्ध और तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह पुण्य कार्य आज गायत्री शक्तिपीठ पीठ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रातः 9 बजे संपन्न होगा। सर्व पितृमोक्ष अमावस्या का यह अवसर उन सभी लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो किसी कारणवश अपने ज्ञात या अज्ञात पितरों का श्राद्ध या तर्पण नहीं कर पाए थे। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन किए गए तर्पण कार्य से हमारे दिवंगत पितरों को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# कलेक्टर ने आधार सेवा केन्द्र पहुंचकर कराया अपना आधार अपडेट

**नागरिकों से भी आधार अपडेट कराने की अपील की**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट स्थिति आधार सेवा केन्द्र पहुंचकर अपना आधार अपडेट कराया और जिले के नागरिकों से भी अपना आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक कार्य के लिए आधार की आवश्यकता होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी नागरिक आधार सेवा केन्द्रों में पहुंचकर अपना एवं अपने परिवारजनों का अनिवार्य रूप से आधार अपडेट जरूर कराएं।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नेहरू महाविद्यालय में रक्तदान शिविर में 36 यूनिट हुआ रक्तदान



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग, एनएसएस, एनसीसी तथा रेडक्रास इकाई के तत्वाधान में एवं भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव की ब्लड बैंक टीम के सहयोग से महाविद्यालय के पुराने भवन में सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत एकदिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 50 छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों का हीमोग्लोबिन एवं वजन का परीक्षण किया गया, जिनमें से 36 योग्य रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा रामजी भारती एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंग बन्नोआना सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस शिविर में मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव की टीम ने सक्रिय योगदान दिया। टीम में प्रमुख रूप से डॉ. रिंकू सिंह (मेडिकल अधिकारी), चुमेश साहू, सुश्री ममता साहू (स्टाफ नर्स), गीतेश (लैब अटेंडेंट) एवं राकेश साहू (वार्ड बॉय) शामिल रहे।

महाविद्यालय परिवार से भी सहायक प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इनमें प्रमुख रूप से गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू, हेमूराम पद्मे, डॉ. नौशीन अंजुम, भूतपूर्व विद्यार्थी प्रज्वल गेडाम एवं शिवम ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एम.एल. नंदेश्वर, एनएसएस पुरुष अधिकारी हेमूराम पद्मे, महिला एनएसएस अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवं एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा द्वारा किया गया।

### दानवीर भामाशाह सम्मान हेतु आमंत्रण

खैरागढ़(दावा)। समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार, समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति अथवा संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित व्यक्ति या संस्था को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति या संस्था अपनी प्रविष्टि रविवार 21 सितम्बर तक कार्यालय उपसंचालक, समाज कल्याण, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई को प्रेषित कर सकते हैं।

# सेवा पखवाड़ा में जुटे भाजपा दक्षिण मंडल के पदाधिकारी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन (17 सितम्बर) से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा दक्षिण मंडल के सभी पदाधिकारीगण सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

मंडल संयोजक सेवा पखवाड़ा एवं पार्षद रवि सिन्हा ने कहा सेवा ही संगठन की मूल भावना को आत्मसात करते हुए दक्षिण मंडल के कार्यकर्ताओं ने वार्डों में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, रक्तदान, नशा मुक्ति जागरूकता, निर्धन व जरूरतमंदों की सहायता तथा प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन चरित्र पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए।

मंडल अध्यक्ष प्रशांत (गोलू) गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। सेवा पखवाड़ा हमें यह प्रेरणा देता है कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और उनकी सेवा करें।

इस अवसर पर मंडल संयोजक सेवा पखवाड़ा एवं पार्षद रवि सिन्हा, सहसंयोजक प्रवीण शुक्ला, मंडल महामंत्री बलवंत साव, अशोकादित्य श्रीवास्तव, आईटी संयोजक मनीष गोलछा, गिन्नी चावला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भागीदारी दे रहे हैं। संगठन ने यह संकल्प लिया है कि सेवा कार्य की यह निरंतरता आगे भी बनी रहेगी, और समाज के हर वर्ग तक सेवा एवं सहयोग की भावना पहुँचाई जाएगी।

# बस्तर का जवान मणिपुर आतंकी हमले में शहीद: असम राइफल्स में तैनात थे रंजीत कश्यप, 3 बेटियों के पिता थे

जगदलपुर(दावा)। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में आतंकवादियों ने असम राइफल्स के एक वाहन पर हमला किया। इस हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 5 घायल हो गए हैं। शहीद जवानों में छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के बालेंगा गांव निवासी रंजीत कुमार कश्यप भी शामिल हैं।

ग्रामीणों और दोस्तों के मुताबिक रंजीत पिछले महीने ही छुट्टी पर गांव आया था। करीब एक महीने तक वो अपने परिजनों के साथ रहा। पिछले रविवार को ही ड्यूटी पर लौटा था। उसने अपने साथियों से कहा था कि सेवा के तीन साल बाकी हैं। इसके बाद रिटायर होकर गांव लौटेगा और बुजुर्ग माता-पिता का सहारा बनेगा। परिजन बताते हैं कि, रंजीत शुरू से ही देश की सेवा करना चाहता था। उसका सपना था फोर्स ज्वाइन कर देश की रक्षा करना। रंजीत की तीन बेटियां हैं। एक बहन की शादी भी बीएसएफ जवान से हुई है। शहादत की खबर मिलते ही गांव में शोक है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब 6 बजे बिष्णुपुर जिले के नांबोल सबल लीकाई इलाके में आतंकियों ने असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला किया। अचानक हुई गोलीबारी में एक वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हमले में एक ऑफिसर और जवान रंजीत कुमार कश्यप शहीद हो गए।

## कल से पं. अनिल तिवारी की शिव महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम फुलझर में पं. अनिल कृष्ण तिवारी के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का आयोजन कल 22 से 30 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शिवइच्छा तक होगी। इस आयोजन में आज प्रथम दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, कथा महात्म होगा, 23 सितंबर को शिवलिंग उत्पत्ति, नारद मोह व नंदीजन्म की कथा सुनायेंगे। 24 सितंबर तीसरे दिन सृष्टि वर्णन, सति चरित्र व शिवपार्वती विवाह, 25 सितंबर को संतान वर्णन गणेश कार्तिक जन्म कथा सुनाई जावेगी। 26 सितंबर को अंधक, जालंधर जन्म व सोलह सोमवार कथा, 27 को गंगा वर्णन, शभीमंदार व भस्मासुर कथा, 28 को पशुपतिनाथ, ताड़कासुर, द्वादश ज्योर्तिलिंग कथा सुनायेगें। 29 सितंबर को रूद्राक्ष, बेलपत्ती महिमा, चढोत्तरी, शोभायात्रा और अंतिम दिन 30 सितंबर को कंकड़ में शंकर, शिव पार्थिव, हवन यज्ञ व महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया जावेगा।







**Name Change**

I AM ANUGU NARSIMHA REDDY S/O ANUGU JELAPATHI REDDY HERE TO STATE THAT I AM CHANGING MY DAUGHTERS NAME FROM UDITA PANDE REDDY TO ANUGU UDITA REDDY HERE AFTER SHE WILL BE CALLED ANUGU UDITA REDDY REGARDS ANUGU NARSIMHA REDDY

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

670-3 459-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हेमल देवराम पटेल पिता देवराम विश्राम पटेल निवासी म.नं. 569, सुख शांति निवास, एसबीआई कालोनी के पास, एस वी पटेल टिम्बर मार्केट, राजनांदगांव (छ.ग.) 491-441 यह शपथ करती हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम हेमल पटेल पति विकास पटेल रख ली हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम हेमल पटेल पति विकास पटेल से ही जाना पहचाना जावे।

**हेमल पटेल**
म.नं. 569, सुख शांति निवास, एसबीआई कालोनी के पास, एस वी पटेल टिम्बर मार्केट, राजनांदगांव (छ.ग.) 491441

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक 202509091900036**
**मामले की श्रेणी- राजस्व**
विषय :- ब-121 सनः- 2024-2025
बरसनटोला प.ह.नं. 00020 (हे.)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- दयालूराम, अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयालूराम पिता सिरोतन जाति तेली निवासी बरसनटोला तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पिता सिरोतन पिता नत्थन की मृत्यु दिनांक 10/7/1979 को ग्राम बरसनटोला में हुआ है। भूलवंश स्थानीय रजिस्टार के पास दर्ज नहीं कराया गया है। अतः आवेदक के पिता सिरोतन की मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने हेतु स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय पंचनामा, आधार कार्ड, चालान प्रति, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/09/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2025 को जारी किया गया है।

**तहसीलदार डोंगरगांव**

# 'माँ के नाम एक पेड़ - अटल विचारों संग पर्यावरण का संकल्प'



राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा उत्तर मण्डल द्वारा आज वर्धमान नगर स्थित अटल परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके उपरांत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश बघेल, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, पूर्व मंडल महामंत्री हकीम खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, एमआईसी चेयरमैन सावन वर्मा, सुनील साहू, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष द्वय सज्जन सिंह ठाकुर व प्रखर श्रीवास्तव, भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवीर वाधवा एवं नगर निगम पार्षदगण,

**सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा उत्तर मण्डल ने वर्धमान नगर अटल परिसर में किया वृक्षारोपण**

डॉ. संदीप भट्टाचार्य, राजेंद्र जैन (बंटू), श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती डॉ. तेजमाला देशमुख, श्रीमती सरिता उइके, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रेमा सोनकर, पंकज कुंजरेकर, आशु डहरिया, वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा अभय पारख, मण्डल पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अनेक पौधों का रोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा पूरे देश में समाज सेवा और जनहित के कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। वृक्षारोपण जैसे कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प हैं, बल्कि यह 'सेवा ही संगठन' की भावना का सशक्त उदाहरण भी है।

भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण बचाने का संकल्प ही नहीं, बल्कि यह माँ की ममता और धरती के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। सेवा पखवाड़ा हमें यह संदेश देता है कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग की सेवा और राष्ट्रहित में सदैव अग्रसर रहे। भाजपा परिवार इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का कार्य निरंतर करता रहेगा।

# छ.ग. ड्राईवर महासंघ की छत्तीसगढ़ सरकार से 6 सूत्रीय मांगें

**मांगे नहीं मानने पर 25 अक्टूबर से छेड़ेंगे स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन**




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंघ द्वारा सरकार से ड्राइवरों के हित में 6 सूत्रीय मांग की गई है। महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रीतम सिंग ने संघ के हेमनाथ देवांगन, जयनारायण, शिवा, नरोत्तम निषाद के साथ पत्रकार वार्ता लेते हुए बताया कि सरकार की ओर से ड्राइवरों को कोई सुविधा नहीं है। श्रम कानून का भी लाभ उन्हें नहीं मिलता। ड्राइवरों के कल्याण के लिए सरकार की कोई योजना नहीं है। वे वाहन मालिक से लेकर पुलिस व अन्यों के द्वारा शोषित होते चले आ रहे हैं। घर परिवार छोड़कर प्रायः बाहर रहने वाले ड्राईवरों को किसी भी पल दुर्घटना होने का भय बना रहता है। ऐसी घटनाएं होने पर उनकी जमकर मार-कुटाई भी होती है। ड्राइवरी कार्य में प्रायः बाहर रहने के कारण घर-परिवार का सही तरह देखभाल नहीं कर पाते। बच्चों को सही तरीके के पढ़ा-लिखा नहीं पाते। इसके बाद भी चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार द्वारा उनके कल्याण के लिए कोई योजना संचालित नहीं की गई है। जबकि कलेक्टर के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति मुख्यमंत्री के नाम अनेकों बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है। ड्राइवर संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा भी की गई है इसके बाद भी सरकार का ध्यान उनकी ओर नहीं जा रहा।

प्रांतीय अध्यक्ष प्रीतम सिंग ने बताया कि देश के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा देश में 22 लाख ड्राइवरों की कमी बताई है, जिसे भरा नही जा रहा। उन्होंने बताया कि उनकी मांगे उड़ीसा सरकार ने मांग ली है। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नहीं माना जा रहा। इस पर सरकार को उनकी मांगे मानने के लिए कहीं जा रहीं।

### स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन करेंगे सभी ड्रायवर

प्रेस वार्ता में बताया गया है ड्राइवर संघ की प्रमुख 9 मांगे हैं जिनमें सबसे पहली मांग पूरे छत्तीसगढ़ में शराब बंदी की है। वहीं दूसरे मांगों में छत्तीसगढ़ में ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन, ड्राइवरों की सुरक्षा कानून के लिए ड्राइवर आयोग का गठन, दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख का मुआवजा, विकलांग होने पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा, हर साल 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित किए जाने, ड्राइवर के बच्चों को निजी स्कूलों में 10 प्रतिशत आरक्षण, परिवार को हेल्थ कार्ड जारी, 55 वर्ष पश्चात सरकार की ओर से पेंशन राशि दिए जाने की मांग है। प्रेस वार्ता में कहा गया है कि उपरोक्त मांगे नहीं मानने पर आगामी 25 अक्टूबर से 5 नवंबर तक संघ द्वारा स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन किया जाएगा जिससे गाड़ियां जहां की यहां खड़ी रहेगी।

# श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में नवरात्र में बम्लेश्वरी पदयात्रियों के लिए भंडारा आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में प्रतिवर्ष के अनुसार नवरात्र में बम्लेश्वरी पद यात्रियों के लिए मोनी बाबा का भंडारा आयोजित किया गया है मोनी बाबा आश्रम में पदयात्रियों के स्नान भोजन और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

ज्ञात हो कि रायपुर के उपमहापौर स्व. गंगाराम शर्मा बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए प्रथम पदयात्री के रूप में जाने जाते हैं। उसी समय से श्री गणेश मंदिर में पदयात्रियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की जाती रही है।

संयोजक अशोक चौधरी ने बताया कि कलेक्टर गणेश शंकर मिश्रा ने बम्लेश्वरी पदयात्रियों के लिए वृहद पैमाने पर व्यवस्था बनवाई, जिससे पदयात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। राजनांदगांव में स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा पंडाल लगाकर पदयात्रियों की सेवा करने का अच्छा कार्य किया जाता है, उसमें श्री गणेश मंदिर मोनी बाबा आश्रम का विशेष योगदान होता है। पदयात्री श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम में स्नान भोजन और विश्राम करके आगे की यात्रा करते हैं।

# सेवा पखवाड़ा में स्वच्छ एवं हरित उत्सव के लिये हर वर्ग में उत्साह

**0 पर्यावरण संरक्षण के लिए पुष्पवाटिका, चौपाटी में चला स्वच्छता अभियान, महापौर ने दिलाई शपथ**
**0 मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के सदस्य उद्यान में साफ-सफाई कर किये प्लास्टिक प्लागिंग**



राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाडा में नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों के अलावा विद्यार्थी एवं सामाजिक संस्था स्वस्फूर्थ होकर जुड़ रहे है और स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव को चरितार्थ करने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। इसी कडी में आज सुबह मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों ने निगम द्वारा शहर के मध्य स्थित उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान से जुड़े उद्यान की साफ सफाई कर प्लास्टिक प्लागिंग किये, जहॉ महापौर मधुसूदन यादव ने स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। सेवा पखवाडा अंतर्गत प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता अभियान में निगम के अलावा नागरिक, सामाजिक संस्था एवं विद्यार्थी स्वस्फूर्थ होकर अपनी सहभागिता निभा रहे है, और शहर के सार्वजनिक स्थलों में साफ सफाई कर स्वच्छता की शपथ लेकर लोगो को जागरूक कर रहे है। आज मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो ने महापौर श्री यादव सहित निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा तथा नागरिकों के साथ उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में श्रम दान कर साफ सफाई कर प्लास्टिक प्लागिंग किये।

श्रमदान में महापौर श्री यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एवं उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ नहीं हो सकता और न ही हम स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुये कहा कि हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करे, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करे तथा न मैं गंदगी करूंगा, न किसी और को करने दूंगा को चरितार्थ करे। स्वच्छता अभियान में मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों, नागरिकगण सहित कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा तथा निगम के अधिकारी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# कलेक्टर ने ग्राम महराजपुर के खेत पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया औचक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया विकासखंड के ग्राम महराजपुर पटवारी हल्का नंबर 15 खसरा नंबर 75/2 के खेत में पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का औचक निरीक्षण किया। जिले में फसल सर्वेक्षण को अधिक सटीक, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा रहा है। कलेक्टर ने सर्वेयर द्वारा मोबाइल से खेत और फसल का फोटो खींचकर भू-अभिलेख पोर्टल में अपलोड करने तथा तहसीलदार की आईडी से अप्रूवल की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सर्वेयरों को गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की सतत निगरानी हो तथा आंकलन पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और वास्तविक तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार विजय कोठारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिपं सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के निर्देश

**प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की गहन समीक्षा की**



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की गहन समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने पाक्षिक, तिमाही एवं गत वर्ष के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली तथा बच्चों को गंभीरतापूर्वक गुणत्तायुक्त शिक्षा देने कहा। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विनोबा एप के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए मासिक एवं पाक्षिक परीक्षा आयोजन करने कहा। विनोबा एप में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति तथा परीक्षा परिणामों की सही प्रविष्टि सुनिश्चित करने कहा। सभी प्राचार्यों, शिक्षकों, सीएसी, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय शिक्षा अधिकारियों को विनोबा एप की संपूर्ण जानकारी रखने तथा समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम एवं जिले के शिक्षा सुधार कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने गतवर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणाम में संतोषजनक परिणाम नहीं आने के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए कोचिंग संचालन, उपचारात्मक शिक्षण एवं अतिरिक्त कक्षा संचालन से परिणाम में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम में पिछड़ने वाली संस्थाओं की समीक्षा की और सुधार के लिए कार्ययोजना बनाने कहा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ बच्चों को मिलना चाहिए। साथ ही गुणवत्तायुक्त शिक्षा सभी बच्चों को समान रूप से प्राप्त हो। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालयों के बच्चों द्वारा पौधरोपण कराने एवं वृक्षों का महत्व बनाने कहा। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे, प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गीतांजलि एक्सप्रेस में बीमार यात्री को रेलवे ने दी नई जिंदगी

राजनांदगांव (दावा)। कर्तव्यनिष्ठ ट्रेन कैप्टन वी.डी. चौरसिया की तत्परता से बिलासपुर में उपलब्ध कराया गया ऑक्सीजन सिलेंडर 19 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 12859 गीतांजलि एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री ने सूचित किया कि उनके पिता रामकृष्ण मंडल (आयु 54 वर्ष) गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें ऑक्सीजन सिलेंडर की तत्काल आवश्यकता है। यात्री ने बताया कि उनके पास जो सिलेंडर है वह लगभग 7-8 घंटे में समाप्त हो जाएगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए कर्तव्य पर तैनात ट्रेन कैप्टन वी.डी.चौरसिया ने तुरंत वाणिज्यिक नियंत्रण, नागपुर को सूचित किया। नागपुर नियंत्रण ने बिना विलंब किए सभी संबंधित अधिकारियों एवं मंडलों को सूचना दी। त्वरित समन्वय और तत्पर कार्यवाही के परिणामस्वरूप बिलासपुर स्टेशन पर मरीज के लिए नया ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। रामकृष्ण मंडल, एसी कोच ए/2 बर्थ संख्या 1 पर पीएनआर संख्या 8638265830 के अंतर्गत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से हावड़ा की यात्रा कर रहे थे। इस मानवीय पहल से मरीज एवं उनके परिजनों को अत्यंत राहत मिली। यात्री परिवार ने ट्रेन कैप्टन वी.डी.चौरसिया के उदार एवं त्वरित कार्य के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की तथा रेलवे प्रशासन की प्रशंसा की। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रॉयल किड्स में शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया और शिक्षकों को शिक्षा में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में लगभग 100 शिक्षकों ने भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी अनुभव बताया।

अभिषेक खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में विशेष रूप से यह जोर दिया कि शिक्षक माइक्रो टीचिंग पद्धति अपनाएँ। उन्होंने बताया कि यदि शिक्षक विद्यार्थियों से विविध प्रकार के प्रश्न पूछने की आदत विकसित करें तो इससे न केवल छात्रों की सोचने-समझने की क्षमता बढ़ती है बल्कि कक्षा का वातावरण भी अधिक संवादात्मक और सक्रिय बनता है। उन्होंने शिक्षकों को यह भी समझाया कि शिक्षण में प्रयोगात्मक सहायक सामग्रियों का प्रयोग किया जाए। इससे कठिन विषय भी सरल और रोचक बनते हैं तथा विद्यार्थी विषय-वस्तु को लंबे समय तक याद रख पाते हैं।

अभिषेक खंडेलवाल ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की व्यक्तिगत भिन्नताओं का ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी की सीखने की गति और शैली अलग होती है, इसलिए शिक्षकों को लचीलेपन के साथ शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को छात्र-केंद्रित शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षा, प्रौद्योगिकी का एकीकरण, जीवन कौशल शिक्षा तथा निरंतर मूल्यांकन और प्रतिक्रिया जैसे बिंदुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यालय के शिक्षक नई ऊर्जा और नई दृष्टि के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकेंगे।

इस अवसर पर रायल किड्स कॉन्वेंट की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, सोनल अंजोरियो, बर्सर इंद्र कुमार वैष्णव, गोपाल साहू, हरीश साहू, श्रीमती शारदा गौर और अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने सभी शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# राशन कार्डधारियों का अनिवार्य रूप से आधार ई-केवायसी कराये-कलेक्टर




राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य, जिला विपणन विभाग तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्य सामग्री के समयबद्ध भंडारण के लिए जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन कार्डधारियों को अनिवार्य रूप से आधार ई-केवायसी कराना है।

जिले में अब तक 86 प्रतिशत हितग्राहियों ने आधार ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कर लिया है। उन्होंने शेष राशन कार्डधारियों का ई-केवायसी पूर्ण करने के लिए जिला खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने विगत वर्षो की तरह धान खरीदी के लिए पीडीएस बारदाने एकत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीन चरणों में धान के खसरों का पीवी एप के माध्यम से सत्यापन कार्य के लिए ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए कहा। पीवी एप के माध्यम से अधिकारी एवं कर्मचारियों को फिल्ड में जाकर खसरा के सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा।

**० कलेक्टर ने खाद्य, जिला विपणन विभाग तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की**
**० शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्य सामग्री के समयबद्ध भंडारण के दिए निर्देश**

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों को खाद एवं बीज की सतत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध है। किसानों की मांग के अनुरूप खाद मंगाने के लिए कहा। उन्होंने जिले में नये धान खरीदी केन्द्र के प्रस्ताव, जिला सहकारी समिति, धान उपार्जन केन्द्र एवं बैंक के संबंध में जानकारी ली तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के निर्माण का कार्य प्राथमिकता से करें। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलने से खेती-किसानी के कार्यों में मदद मिलेगी। इसी तरह मत्स्य पालन विभाग में भी किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य में गति लाने कहा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सुधीर सोनी, जिला विपणन अधिकारी श्रीमती हीना खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर नीट एवं जेईई की तैयारी करने वाले बच्चों की पढ़ाई पर प्राथमिकता से ध्यान देते हुए कार्य करने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जिले में विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नीट एवं जेईई की तैयारी करने वाले बच्चों की पढ़ाई पर प्राथमिकता से ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने निःशुल्क सायकल वितरण, गणवेश तथा पाठ्य पुस्तक वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में मध्यान्ह भोजन अच्छी तरह संचालित होते रहना चाहिए। उन्होंने विनोबा एप शिक्षा का अधिकार, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कन्या साक्षरता प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 10 माह प्रतिमाह छात्राओं को 500 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना से अधिक से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित करने की आवश्यकता है।

**0 निःशुल्क सायकल वितरण, गणवेश तथा पाठ्य पुस्तक वितरण के संबंध में ली जानकारी**
**0 कन्या साक्षरता प्रोत्साहन योजना से अधिक से अधिक छात्राओं को लाभान्वित करने कहा**
**0 आश्रम एवं छात्रावास के मरम्मत कार्य के संबंध में ली जानकारी**

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले में सुपोषण की स्थिति, मातृत्व वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना सहित अन्य योजनाओं अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट, गर्म भोजन, पालक चौपाल सहित अन्य विषयों के संबंध में चर्चा की। अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जिले में संचालित विभागीय छात्रावास आश्रमों तथा निर्माणाधीन छात्रावासों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे कान्ट्रेक्टर्स जो निर्माण कार्यों में रूचि नहीं ले रहे है, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंर्तजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, आश्रम एवं छात्रावास के मरम्मत कार्य के संबंध में जानकारी ली। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती दीक्षा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> हमेशा याद रखें, बेहतरीन दिनों के लिए बुरे दिन से लड़ना पड़ता है।

# रेल नेटवर्क से जुड़ता पूर्वोत्तर भारत, विकास को मिलेगी गति

देश की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक इस रेलवे लाइन को 2008-09 में मंजूरी मिली थी और इस पर 2015 में काम शुरू हुआ था। इस लाइन पर 45 सुरंग 55 बड़े पुल और 88 छोटे पुल हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है जो कुतुबमीनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है।

पूर्वोत्तर के सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की राजधानियों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ रही है। इसके तहत 13 नई रेल लाइन बिछाई जा रही हैं, जबकि पांच लाइनों का दोहरीकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मिजोरम की राजधानी आइजोल तक रेल पहुंच गई। इसके पहले भारतीय रेल कश्मीर पहुंची थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 सितंबर को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सैरांग के उद्घाटन के साथ ही आजादी के 78 वर्षों और भारतीय रेलवे के शुरू होने के 172 वर्षों बाद मिजोरम रेलवे मानचित्र से जुड़ गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी एक्सप्रेस समेत तीन ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इससे मिजोरम को देश भर से सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे लोगों को सुरक्षित, सस्ती और तेज यात्रा का विकल्प मिलेगा। इसके साथ ही खाद्यान्न, उर्वरक और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी समय पर हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन के निर्माण पर 8,070 करोड़ रुपये की लागत आई है।

देश की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक इस रेलवे लाइन को 2008-09 में मंजूरी मिली थी और इस पर 2015 में काम शुरू हुआ था। इस लाइन पर 45 सुरंग, 55 बड़े पुल और 88 छोटे पुल हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है जो कुतुबमीनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। इस रेल लाइन को भविष्य में 223 किलोमीटर आगे म्यांमार सीमा तक बढ़ाया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण भी किया जा चुका है। यदि यह रेल लाइन म्यांमार सीमा तक पहुंचती है तो इससे कलादान परियोजना का लाभ मिलेगा। स्पष्ट है कि भारत सरकार की च्पूरब की ओर देखो नीतिज् के लिए यह परियोजना एक अहम पड़ाव साबित होगी। बैराबी असम सीमा के निकट है, जबकि सैरांग राज्य की राजधानी आइजोल से लगभग 21 किलोमीटर दूर है। इस रेल लाइन को बिछाने में कई चुनौतियां आईं। कठिन पहाड़ी इलाका, भारी बारिश और सीमित संसाधनों की पहुंच जैसी कठिनाइयों से पार पाते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने इस रेल लाइन का निर्माण पूरा किया।

बैराबी-सैरांग रेल लाइन मिजोरम के लिए जीवनरेखा साबित होगी। इससे इलाके में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पूरे साल कनेक्टिविटी बनी रहेगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, यात्रियों के अलावा इस परियोजना के जरिये माल ढुलाई भी होगी। सीमावर्ती राज्य होने के कारण इस परियोजना का सामरिक महत्व भी है। फिलहाल आइजोल पहुंचने के लिए या तो हवाई मार्ग से या फिर असम की बराक घाटी स्थित सिलचर से सड़क मार्ग से छह घंटे का दुर्गम पहाड़ी सफर करना पड़ता है। सड़क मार्ग प्राय- वर्षा काल में जमीन धंसने के कारण बंद हो जाता है।

पूर्वोत्तर के सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की राजधानियों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। इन परियोजनाओं के तहत 1500 किलोमीटर से अधिक लंबी पटरियां बिछाई जाएंगी। इनमें से कई परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा पहले से ही रेलवे नेटवर्क में शामिल हो चुके हैं। इस साल दिसंबर तक मणिपुर की राजधानी इंफाल तक रेल पहुंच जाएगी। वर्ष 2026 तक नगालैंड की राजधानी कोहिमा को रेल नेटवर्क से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। सिक्किम को रेलवे नेटवर्क में शामिल करने की परियोजना पर भी काम तेजी से चल रहा है।

सिक्किम की राजधानी गंगटोक से तिब्बत सीमा पर स्थित नाथुला तक ब्राड गेज लाइन बिछाने के लिए भी सर्वेक्षण शुरू हो गया है। पूर्वोत्तर भारत में 2014 से अब तक 1,824 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जा चुकी है जो श्रीलंका के समूचे रेल नेटवर्क से अधिक है। इसके अलावा 1,189 किलोमीटर रूट पर कवच सुरक्षा सिस्टम लगाया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत क्षेत्र के 92 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया। दिसंबर 2025 तक पूर्वोत्तर की सभी रेल लाइनों का विद्युतीकरण पूरा होने की संभावना है।

सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में नई रेल लाइन बिछाने, रेल लाइनों के दोहरीकरण और पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 75,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसके तहत 13 नई रेल लाइन बिछाई जा रही हैं, जबकि पांच लाइनों का दोहरीकरण किया जा रहा है। यूपीए शासन के दौरान 2009 से 2014 के बीच सरकार ने पूर्वोत्तर में 333 किलोमीटर नई रेल लाइनों को मंजूरी दी, जिसका सालाना औसत 66.6 किलोमीटर है। इसके विपरीत 2014 से 2024 के बीच मोदी सरकार की ओर से पूर्वोत्तर के राज्यों में 1,728 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई गई, जिसका सालाना औसत 172.8 किलोमीटर है। स्पष्ट है कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में 2009 से 2014 की तुलना में दोगुने से अधिक गति से नई रेल लाइन बिछाई। पूर्वोत्तर में आधारभूत ढांचा और सुरक्षा तंत्र पर जहां 2009 से 2014 के बीच सालाना औसतन 2,122 करोड़ रुपये स्वीकृत किए, वहीं 2024-25 में यह धनराशि बढ़कर 10,376 करोड़ रुपये पहुंच गई। इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सड़कों की तरह रेल मार्ग भी विकास का जरिया हैं।

# पॉश एक्ट राजनीतिक दलों पर लागू नहीं होगा, सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से महिलाओं पर क्या असर होगा?

**आशय येडगे**

सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को ख़ारिज कर दिया है जिसमें राजनीतिक दलों में काम करने वाली महिलाओं को पॉश क़ानून के तहत सुरक्षा देने की मांग की गई थी.

याचिका में कहा गया था कि राजनीतिक दलों को पॉश क़ानून 2013 के दायरे में लाया जाए.महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम को पॉश क़ानून कहा जाता है. 15 सितंबर को हुई सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, राजनीतिक दलों को कार्यस्थल या ऑफ़िस नहीं माना जा सकता. किसी राजनीतिक दल की सदस्यता लेना और नौकरी करना, दोनों अलग बातें हैं. इस याचिका को स्वीकार करना पैंडोरा बॉक्स खोलने जैसा होगा.

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी, अगर कोर्ट यह कहता है कि नया कानून बनाने से समस्याएं खड़ी होंगी या कानून का दुरुपयोग होगा, तो ऐसे उदाहरण हर कानून में मिल सकते हैं.

जिस तरह अन्य पेशों या नौकरियों में महिलाओं को कानून के तहत सुरक्षा मिली हुई है, उसी तरह राजनीति से जुड़ी महिलाओं को भी सुरक्षा मिलनी चाहिए. उन्हें इस क़ानून से बाहर रखने का कोई ठोस कारण नहीं है. इसलिए कोर्ट को राजनीतिक दलों को भी पॉश क़ानून के तहत आंतरिक शिकायत समितियां (आईसीसी) बनाने का निर्देश देना चाहिए.

सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक क्षेत्र की महिलाओं को पॉश क़ानून का संरक्षण नहीं मिलेगा, जिसने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बहस तेज़ कर दी है.

साल 2022 में केरल हाई कोर्ट में दायर एक याचिका में राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट के दायरे में लाने की मांग की गई थी.

उस समय हाई कोर्ट ने कहा, पॉश एक्ट की धारा 2(ओ) के तहत कार्यस्थल की परिभाषा में राजनीतिक दल शामिल नहीं हैं. राजनीतिक कार्यकर्ता कर्मचारी नहीं माने जाते और राजनीतिक दल संस्थान नहीं समझे जाते. इसलिए उन पर आईसीसी बनाने की बाध्यता लागू नहीं होती.

योगमाया एमजी ने केरल हाई कोर्ट के इस फ़ैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखा.



अब सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाई कोर्ट के फ़ैसले को बरक़रार रखा है.

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान शोभा गुप्ता ने दलील दी, केरल हाई कोर्ट ने पॉश एक्ट में पीड़ित महिला की विस्तृत परिभाषा को नज़रअंदाज़ किया. इस क़ानून के प्रावधानों के अनुसार, यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने के लिए महिला का किसी संस्थान में काम करना अनिवार्य नहीं है.उन्होंने दलील दी, राजनीतिक दल संगठित ढंग से काम करते हैं और पॉश एक्ट में असंगठित क्षेत्र, जैसे घरेलू काम को भी शामिल किया गया है. इसलिए राजनीतिक दलों को इस दायरे से बाहर रखने का कोई औचित्य नहीं है.

सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एएस चंदुरकर शामिल थे.मुख्य न्यायाधीश गवई ने पूछा, राजनीतिक दल किसी को रोज़गार पर नहीं रखते. ऐसे में किसी पार्टी को कार्यस्थल या दफ़्तर कैसे माना जा सकता है?उन्होंने कहा, जब कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल से जुड़ता है तो यह रोज़गार नहीं होता क्योंकि उसे वेतन नहीं दिया जाता. इस याचिका को स्वीकार करना पैंडोरा बॉक्स खोलने जैसा होगा.

निजी कंपनियां, विश्वविद्यालय, एनजीओ, मीडिया संस्थान और खेल संस्थान पॉश एक्ट के दायरे में आते हैं, लेकिन राजनीतिक दल इस क़ानून से बाहर हैं, जबकि उनमें लाखों महिला कार्यकर्ता सक्रिय हैं.राजनीतिक दलों की महिला नेताओं का कहना है कि यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए एक व्यवस्थित तंत्र होना ज़रूरी है.पॉश एक्ट के अनुसार, किसी भी संस्थान में 10 से अधिक कर्मचारी होने पर आईसीसी बनाना अनिवार्य है.अदालत का तर्क है कि राजनीतिक दलों और कार्यकर्ताओं के बीच नियोक्ता-कर्मचारी का संबंध नहीं है.लेकिन हक़ीक़त यह है कि कई लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए काम करते हैं.ऐसे में सवाल उठता है कि क्या उन्हें कर्मचारी माना जा सकता है और क्या राजनीतिक दलों के दफ़्तरों को कार्यस्थल की श्रेणी में रखा जा सकता है?शोभा गुप्ता कहती हैं, आज अधिकांश राजनीतिक दलों के अपने दफ़्तर हैं. पॉश एक्ट के अनुसार अगर कोई व्यक्ति अपने नियोक्ता के साथ बस में सफ़र कर रहा हो तो वह बस भी कार्यस्थल मानी जाती है. मूल रूप से इस क़ानून में कार्यस्थल और पीड़ित महिला की परिभाषा को व्यापक रखा गया है. इसलिए इस संदर्भ में पॉश लागू होना चाहिए. याचिका में कहा गया है, कुछ दल, जैसे सीपीआई(एम), ने स्वेच्छा से आईसीसी बनाई है, लेकिन अन्य दलों (जैसे बीजेपी, कांग्रेस, आप) में कोई समिति नहीं है. क़ानून की बाध्यता न होने से इसका पालन नहीं किया जाता. इससे महिलाओं के लिए असुरक्षा और उत्पीड़न को लेकर चुप्पी का माहौल बनता है.

सीपीआई(एम) की आईसीसी की चेयरपर्सन के. हेमलता ने कहा, सीपीआई(एम) में पिछले चार साल से ऐसी समिति है. राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लैंगिक संवेदनशीलता पर हमने हाल ही में कार्यशाला भी कराई. हमारा मानना है कि अन्य दलों को भी ऐसी समितियां बनानी चाहिए.

सीपीआई(एम) के पोलित ब्यूरो सदस्य अशोक धवले ने कहा, हमारी पार्टी की समिति को देशभर से शिकायतें मिली हैं. यह समिति पूरी तरह स्वतंत्र है. एक बार समिति कोई निर्णय ले लेती है तो पार्टी की कोई अन्य समिति उसे बदल नहीं सकती.

हमने यह जानने का प्रयास किया कि क्या अन्य दलों में भी ऐसी व्यवस्था मौजूद है.इस पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उपनेता सुषमा अंधारे ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 14 (मौलिक अधिकार) के अनुसार भारत में रहने वाला हर व्यक्ति क़ानून के सामने समान है. राजनीतिक अपराधीकरण के बढ़ने के साथ महिलाओं को अधिक सुरक्षा की ज़रूरत है. कुछ दलों ने पॉश एक्ट के तहत आंतरिक समितियां बनाई हैं, लेकिन यह देखना ज़रूरी है कि वे वास्तव में कितनी प्रभावी हैं.

सुषमा अंधारे कहती हैं, हम जैसी महिलाएं, जो बहुत ही पिछड़ी और अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि से आती हैं, उनके लिए राजनीतिक माहौल सुरक्षित नहीं है. मेरा मानना है कि हर पार्टी में आंतरिक समितियां होनी चाहिए, लेकिन उनकी स्वायत्तता का सवाल बरक़रार रहता है. ऐसे में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय समिति बनाई जानी चाहिए, जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों की महिला नेता शामिल हों.

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका भारती ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है.

# लघु उपन्यास यशस्विनी अध्याय 18: किताबों में रखे गुलाब और प्रेम का अंकुरण

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



किशोरावस्था के प्रेम में केवल और केवल भावनाएं होती हैं, जैसे हृदय किसी की बस एक मुस्कुराहट देख लेने पर सारे जहाँ की खुशियां मिल जाने की कल्पना कर लेता है। किताब के पन्ने में दबे हुए गुलाब के फूल इस तरह सहेज कर रखे जाते हैं जैसे इश्क में ताजमहल जैसी कोई बेजोड़ चीज मिल गई हो। प्रेम पत्र लिखने की कोशिश में कुछ एक प्रेमियों के द्वारा न जाने 200 पेज की कॉपियों के कितने पन्ने फाड़कर फेंक दिए जाते हैं।इनमें बस किसी में एक शब्द तो किसी में दो या तीन शब्द ही लिखे होते हैं और कभी-कभी तो सारी रात बीतने पर भी एक लाइन पूरी नहीं हो पाती है। यशस्विनी को अपने स्कूल के दिनों की याद आई जब स्कूल में हिंदी के शिक्षक सुबोध सर ने एक लड़की को प्रेम पत्र के साथ पकड़ा था। यह प्रेम पत्र वह जिसे देना चाहती थी, उसे हस्तगत नहीं हो पाया था। कॉपी जांचने समय सर की दृष्टि इस पर पड़ गई। बड़ी समझदारी के साथ उसका सार्वजनिक वाचन कर उस लड़की को शर्मिंदा करने के बदले उन्होंने बच्ची को अलग से बुलाकर बातचीत की। बाद में उस लड़की ने बताया कि सर ने उससे एक ही वाक्य कहा-बेटी, जब तुम किसी को इस तरह की बातें लिखो तो मन में बस एक ही बात का विचार कर लेना,अगर इसे एक पोस्टर बनाकर शहर की सार्वजनिक जगहों पर टांग दिया जाए तो इसे देखकर पढ़ने वालों की क्या प्रतिक्रिया होगी। अब तुम खुद सोचो जिस चीज को तुम सबके सामने कह नहीं सकती हो, तो क्या वह चीज तुम्हारे लिए वास्तव में हितकर होगी?

इस घटना का विवरण प्राप्त होने के बाद यशस्विनी के मन में कभी-कभी इस तरह के खयालात उठते भी थे तो अब हमेशा के लिए गायब हो गए।ऽ... इन बातों को याद कर यशस्विनी मुस्कुरा उठी। एक बार स्कूल में एक नए लड़के के दाखिला होने पर साथ पढ़ने वाली लड़कियों ने उसे छेड़ा,'' अब शायद यह लड़का तुम्हें पसंद आ जाए..। ''इस पर 11वीं कक्षा की यशस्विनी ने जवाब दिया, ''क्यों भला? मैं इसे लेकर ऐसा क्यों सोचूँ? यह तो पूरा किताबी कीड़ा है।''

इस पर प्रिया ने यशस्विनी को छेड़ते हुए कहा, ''अरे नहीं यशी, तुम नहीं जानती। जब तुम किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए खड़ी होती हो तो यह पढ़ाकू महाराज एकटक तुम्हारी ओर देखते रहते हैं।''

''अरे, तो इसमें कौन सी नई बात है''

''नई बात इसलिए है यशस्विनी कि यह महाशय और लोगों के उत्तर देने के समय ऐसा नहीं करते।''

''धत, ऐसा कहती हुई यशस्विनी शरमा गई थी।''

यशस्विनी के मन में भी उस लड़के के प्रति कोमल भावनाएं जगने लगी। वह सोचने लगी, कितनी जल्दी यह लड़का मैथ्स के प्रॉब्लम सॉल्व कर लेता है.. लेकिन इस प्रेम कहानी का अंत बहुत जल्द हो गया जब वैलेंटाइन डे के दिन उस लड़के ने रिसेस में जाकर रिनी मैडम को एक सु? गुलाब का फूल भेंट कर दिया।लेकिन आकर्षक व युवा रिनी मैडम का रिएक्शन आशा के विपरीत था, जब उसने कहा-थैंक यू बेटा, गॉड ब्लेस यू।

उस दिन दो दिल टूटे थे। यशस्विनी का उस लड़के की तथाकथित चीटिंग के प्रति और दूसरा उस लड़के का अपनी फेवरेट टीचर के प्रति। यशस्विनी वर्तमान काल में लौट आई।... कल भी वैलेंटाइन डे है और श्री कृष्ण प्रेमालय स्कूल में कल ही उसे प्रार्थना सभा में विशेष व्याख्यान देना है।

आज श्री कृष्ण प्रेमालय स्कूल में योग के कार्यक्रम का आयोजन है।आज वैलेंटाइन डे भी है। यशस्विनी सोचने लगी, पश्चिमी संस्कृति और विवरण के अनुसार यह संत वैलेंटाइन द्वारा प्रेम को बढ़ावा देने के लिए किए गए त्याग और बलिदान को लेकर मनाया जाता है। इस दिन युवा अपने प्रेम का प्रदर्शन करते हैं। इस दिन को अपनी तरह से मनाने वाले लोग भी अपनी जगह सही हैं।बस इस दिवस को लेकर कुछ लोगों द्वारा प्रेम का फूहड़ प्रदर्शन उसे खटकता है. यह दिन क्या, किसी भी दिवस- दिन में कोई भौंडा प्रदर्शन सार्वजनिक रूप से कभी नहीं होना चाहिए।..अगर कुछ लोग ऐसा करते हैं तो वे वहां गलत हैं।मर्यादापूर्ण ढंग से रहने घूमने और फिरने की सबको स्वतंत्रता है।

वह सोचने लगी, हमारी संस्कृति में प्रेम की अवधारणा सांसारिक प्रेम से अलग विस्तृत है।यह एक व्यक्ति से शुरू होकर सृष्टि के कण-कण व ब्रह्मांड की परिधि तक जाता है।इसमें उदारता है, इसमें संकीर्णता नहीं है। इसमें सांसारिक और दैहिक प्रेम के बदले आत्मिक तत्व है। यहां प्रेम के लिए कोई एक दिन तय नहीं है बल्कि हर दिनज्. हर पल प्रेममय है। स्वयं भगवान कृष्ण प्रेम के सबसे बड़े प्रतीक हैं। यहां प्रेम अपने परिवार, समाज, राष्ट्र से लेकर बढ़ते-बढ़ते पूरी वसुधा और इसमें रहने वाले प्रत्येक चराचर प्राणी तक हो जाता है।

उसे याद आया, कॉलेज में उसकी सहेली सीमा ने वैलेंटाइन डे के दिन उसे छेड़ते हुए कहा था, ''क्यों यशी, क्या तुम्हारे जीवन में किसी राज का आना नहीं हुआ है?''

यशस्विनी ने कहा, ''नहीं सीमा, न मैं सिमरन हूं, न मेरे जीवन में ऐसा प्रसंग कभी आएगा कि कोई राज किसी चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़ा होकर अपना हाथ आगे बढ़ाएगा और मुझसे चढ़ने के लिए कहेगा और मैं दौड़कर पायदान से होते हुए बोगी में पहुंच जाऊंगी और इस राज के गले लग जाऊंगी..।''

सीमा, ''यशस्विनी,तो क्या तुम्हारा ऋश उस विवेक पर नहीं है, जिसके साथ तुम लायब्रेरी में बैठकर नोट्स वगैरह बनाती रहती हो।''

''अरे नहीं बाबा ऋश जैसी कोई बात नहीं है।वह पढ़ाकू है और महत्वाकांक्षी भी। अपने जीवन में बहुत आगे बढ़ना चाहता है इसलिए मैं भावनात्मक रूप से किसी के भी साथ इतना आगे नहीं बढ़ना चाहती हूं. विवेक के साथ भी नहीं. बस हम अच्छे दोस्त हैं।''

यशस्विनी को विवेक अच्छा तो लगता था, जैसे उसका धीर गंभीर होना, शांत स्वभाव का होना, तार्किक होना, उसके द्वारा महिलाओं का सम्मान करना, बढ़कर किसी भी व्यक्ति की मदद करना ज.लेकिन वह आत्मकेंद्रित युवक था... उसके जीवन में पहला और अंतिम प्यार उसका कैरियर ही है, ऐसा उसका अनुमान था, इसलिए उसे पसंद करने के बाद भी वह दूसरे एंगल से नहीं सोचना चाहती थी।

(क्रमशः)

## सामयिक कहानी

# सीताराम सन्न रह गया सबेरे की गुन गुनी धूप में बैठे-बैठे

सीता राम को मनराखन का ध्यान आया। कई दिनों से उससे भेंट नहीं हो पाई। अभी सबेरे वह घर पर ही होगा। चलो उससे मिलने। अच्छी बैठक हो जाएगी। पर मनराखन घर पर नहीं मिला। बिट्टी ने बताया- ''दादाजी तो पितर को पानी देने कुश लेकर रानी सागर गये है। सीताराम को आश्चर्य हुआ। बोल उठे-'बिट्टी। तुम्हारे दादीजी तो यही घर में पानी देते है न। फिर रानी सागर.... मैं समझ नहीं पा रहा हूँ। उतनी दूर क्यो गए? बिट्टी मुस्कराई। बोली-'दरअसल आज पितृपक्ष का आखरी दिन है न दादाजी! इसीलिए वे रानी सागर गये है। अभी-अभी तो निकले हैं उन्हें आने में देर होगी।

बिट्टी बड़ी चतुर है उसने स्पष्ट कर दिया कि राह देखते बैठक मैं न बैठे। नहीं तो मम्मी को आने-जाने में संकोच व परेशानी दोनों होगी । आखिर उन्हे लौट आना पड़ा। रास्ते में सोचा अब घर से बाहर आ गये हैं तो फिर वापस कहॉ घर जाएँ। वो आगे चौक पर ही तो बिहारी लाल का मकान हैं। बिहारी को लोग आई.बी. बिहारी लाल कहते हैं। आई.बी.यानी इनफर्मेशन ब्यूरो, दुनिया भर की खबर उसको रहती है। चलो, उसी से मिला जाय। मजे से गपशप करेंगे और उस गपशप में अनेक बातों की जानकारी भी हो जाएगी । पर हाय रे, विचित्र संयोग कि बिहारी लाल भी घर में नहीं। सामने क्रिकेट खेलते रामू ने दौड़ कर आकर बताया अंकल। पापा तो घर पर नहीं हैं।' सीताराम ने उसके गाल थपथपाते हुए कहा तो क्या हुआ, यहीं कहीं तो गया होगा। मैं उसकी राह देखते ये अखबार पढ़ते बैठा हूँ।'' रामू के चेहरे पर चिन्ता झलकी- अंकल! पापा जल्दी नहीं आएंगी । उन्हें देर लगेगी ।'' -''देर लगेगी ? अरे तो वह कहां चला गया? वह ठलहा अदामी । वह तो घर पर ही ज्यादा रहता है।'' तभी रामू को उसके साथी बबलू ने आवाज दी -''अबे राम! जल्दी आ तेरे कारण बैटिंग रूकी हुई है। रामू चिल्लाया-''आता हूँ, आता हूँ! अंकल! पापा भोजन- पानी लेकर गये हैं खिलाने- पिलाने।' चौंक सा गया सीताराम - '' खिलाने पिलाने अच्छा अच्छा, बिहारी लाल गया हैं पंडित जी के घर ब्राहमण पारा' रामू एकाएक हॅस पड़ा-ब्राहमण पारा नहीं अंकल! आज पितृ मोक्ष अमावस्या है ना ! तो पापा अपने बाबूजी को खिलाने पिलाने गये हैं।' झुंझला सा गया सीताराम। पूछ उठा 'कहॉ गये हैं ये तो बता?' रामू एकदम परेशान हो उठा 'ओपफोह अंकल! ध्यान से सुनिए- पापा गये है, भोजन पानी लेकर, अपने बाबूजी को खिलाने पिलाने वृद्धाश्रम। आप समझ गये न! अब मैं चलता हूँ।' अब मैं चौंका नहीं भौ रह गया सीताराम बोला -'एक मिनट रामू! बाबूजी वृद्धाश्रम में रहते हैं? अपने घर में नहीं रहते ?' रामू रूक गया- 'हॉ अकंल वृद्धाश्रम में रहते हैं, क्योकि मम्मी, मेरी मम्मी बूढ़े को घर में रखना पसंद नहीं करती। वो पापाजी से अपनी छत्तीसगढ़ी में कहती हैं- 'बुढ़ुवा के जोखा-तोरा मोर से नई हो सके। बड़ पिचकाट कर थे वोहा हरदम खिटखिट करत रहिथे। सुनलो रामू के पापा। आज तय कर लो, या तो बुढ़वा घर में रही, या मै।' तो अंकल! पापा ने तय किया और अपने बाबूजी को वृद्धाश्रम में भरती करा दिया!' सीता यह सुनते ही सन्न रह गया!



**गिरीश बक्शी**

## राशिफल



**मेष**

आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आपका दिन अच्छा है, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। साथ ही आई. टी से जुड़े स्टूडेंट्स को भी आज जॉब का ऑफ़र मिल सकता है।



**वृष राशि**

आज आप व्यापार में नई प्लानिंग से कार्य करेंगे। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा , जिससे व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी। आज आपको रेस्टोरेंट के बिजनेस में अधिक धन लाभ होगा, आपकी आय में वृद्धि होगी। आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे और करियर में आपको बड़ी सफलता हासिल होगी।



**मिथुन**

आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आज आप जरूरतमंद की तरफ मदद का हाथ बढ़ायेंगे, जिससे उनका भी जीवन सहज हो सके। इस राशि के जो छात्र फैशन डिजायनिंग का कोर्स कर रहे हैं, उन्हें आज कुछ नया डिजाईन करने को मिल सकता है।



**कर्क**

आज आपको आर्थिक रूप से अपने करीबियों से मदद मिलेगी। आज करियर में आपको अपने सीनियर का सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही आज आपको नकारात्मक सोच से भी बचना होगा। आज आप परिवार के साथ किसी टूर का प्लान बनायेंगे। आज लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।



**सिंह**

आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में बहुत ही अच्छा माहौल बना देगा। इस राशि के नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों के लिए दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे।



**कन्या**

आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर भी मिलेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनायेंगे। आज आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है। आज आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा और आप कुछ नया करने के बारे में सोचेंगे।



**तुला**

आज आप माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे। आज परिवार का माहौल भी खुशनुमा बन रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ी डील मिलने से धन लाभ होगा। आज आप अपने कार्यों को पूरा करने में बहुत बिजी रहेंगे। आज आप ऑफिस में बॉस की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे, जिससे आपके प्रमोशन के चांस बढ़ सकते हैं।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को धन लाभ होने की संभावना है। आज ऑफिस के काम की गति अच्छी रहेगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज आप जीवनसाथी को उनकी पसंद का कोई गिफ्ट देंगे, जिससे उन्हें प्रसन्नता होगी। आज आप दोस्तों के साथ घूमने का प्रोग्राम बनायेंगे।



**धनु**

आज आपको बच्चो से अच्छी खबर मिलेगी। इस राशि के प्राइवेट नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों की आय में बढ़ोतरी होने की संभावना है। साथ ही आज आपको अपनी मेहनत के अनुरूप फल मिलेगा। आज व्यापार के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। आज जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन उत्साह से भरा रहेगा।



**मकर**

आज आप जरूरी काम निपटाने में सफल रहेंगे। आज दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। आज आपकी आर्थिक समस्या दूर होगी और आपको रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। इस राशि के स्पोर्ट्स में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को आज स्टेट लेवल पर खेलने का मौका मिलेगा।



**कुंभ**

आज जीवनसाथी के सहयोग से आपका काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया भी प्राप्त होगा। इस राशि के टीचर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आप खुद को ऊर्जा से भरा हुआ फील करेंगे लेकिन आज आपको जल्दबाजी में फैसला करने से बचना चाहिए।



**मीन**

आज मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आज आर्ट्स स्टूडेंट्स को टीचर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या आज आसानी से सॉल्व हो जायेगी। आज आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे और सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

## शब्द सामर्थ्य -176

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. दुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ढोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे में लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 175 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

# एनएचएम कर्मचारियों ने की हड़ताल समाप्त



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अपनी प्रमुख मांगें पूरी होने पर आभार जताया और प्रदेशव्यापी हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शनिवार से सभी कर्मचारी काम पर लौटेंगे।

मुख्यमंत्री ने एनएचएम कर्मचारियों द्वारा हड़ताल खत्म करने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय और राज्यहित में लिया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार हर कर्मचारी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है और उनकी जायज़ मांगों के प्रति संवेदनशील रही है। जनता का स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार ठोस पहल की जा रही है।

- राज्य सरकार ने दस में से चार मांगों को पूरा किया
- तीन मांगों पर समिति गठित कर कार्रवाई शुरू की गई

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि एनएचएम कर्मचारियों के इस निर्णय से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी तथा जनता को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से छत्तीसगढ़ एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

गौरतलब है कि एनएचएम कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। राज्य सरकार ने इनमें से चार मांगों को पूरा कर दिया है। तीन मांगों पर समिति गठित कर कार्रवाई शुरू की गई है, जबकि संविलयन, पब्लिक हेल्थ कैडर और आरक्षण संबंधी मांगों पर केंद्र सरकार से निर्णय लिया जाना है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी हड़ताल समाप्त करने के निर्णय का स्वागत किया और कहा कि एनएचएम कर्मचारियों ने राज्यहित में सकारात्मक कदम उठाया है। इस मौके पर विधायक किरण देव, एनएचएम कर्मचारी संघ से डॉ. अमित मिरी, डॉ. रविशंकर दीक्षित, पूरन दास, कौशलेश तिवारी, हेमंत सिन्हा, दिनेश चंद्र, संतोष चंदेल, प्रफुल्ल पाल, डॉ. देवकांत चतुर्वेदी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# नेता प्रतिपक्ष बदलने की अफवाह पर दीपक देवांगन का बयान

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में सोशल मीडिया और वेब पोर्टल पर संगठन द्वारा नेता प्रतिपक्ष बदले जाने की खबर सामने आने के बाद वर्तमान नेता प्रतिपक्ष व पार्षद दीपक देवांगन ने कड़ा बयान जारी किया है।

उन्होंने कहा कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा किसी भी प्रकार की बैठक पार्षदों को नहीं बुलाई गई। मुझे भी बैठक की कोई जानकारी नहीं दी गई। जब मैंने स्वयं कांग्रेस पार्षदों से फोन पर बात की तो उन्होंने भी बैठक आयोजित होने से साफ इंकार किया।

### एक महिला पार्षद से कोरे लेटर पैड पर घर जाकर हस्ताक्षर करवाए गए- दीपक देवांगन

दीपक देवांगन ने आरोप लगाया कि एक महिला पार्षद से कोरे लेटर पैड पर घर जाकर हस्ताक्षर करवाए गए हैं, वहीं कई पार्षदों ने उन्हें हटाए जाने की जानकारी से साफ इनकार किया है। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण को लेकर वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर जांच की मांग करेंगे। भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने वाले हैं लेकिन अभी तक एक भी विरोध



प्रदर्शन नहीं हुआ।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष के ऊपर आरोप

उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे हो गए हैं, लेकिन संगठन की ओर से अब तक एक भी विरोध प्रदर्शन नहीं किया गया। नगर पालिका में भाजपा सरकार होने के बावजूद आज तक कोई विरोध दर्ज नहीं हुआ। यदि शहर अध्यक्ष ने कभी कोई विरोध प्रदर्शन या बयान दिया हो तो प्रमाण प्रस्तुत करें।

### नगर की जनता जानती है, लगातार शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा हूं

दीपक देवांगन ने कहा कि नगर की जनता जानती है कि मैं लगातार शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा हूं। जनहित, विकास और आम जनता की आवाज बनकर मैंने हमेशा काम किया है। कुछ कांग्रेस नेता अपनी गिरती लोकप्रियता को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन हम जमीन से जुड़े कार्यकर्ता हैं और जनता के बीच लगातार सक्रिय हैं। जनता हमें जानती है और हमारे काम से संतुष्ट है। छोटे-बड़े हर मुद्दे पर मैं जनता के बीच जाकर उनकी लड़ाई लड़ रहा हूं और यह भूमिका आगे भी निभाता रहूंगा। मेरी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक है और आगे भी जारी रहेगी।।

### बिना बैठक किए दीपक देवांगन को हटाने की घोषणा अनुचित है - विधायक यशोदा

इस विषय पर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने स्पष्ट कहा है कि उनकी जानकारी के बिना बैठक कर दीपक देवांगन को हटाने की घोषणा अनुचित है। वर्तमान में दीपक देवांगन ही नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभालेंगे।

अंत में दीपक देवांगन ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि मेरे साथ ऐसा व्यवहार केवल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि मैं विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा का करीबी हूँ। शहर कांग्रेस अध्यक्ष का व्यक्तिगत विरोध एवं व्यावसायिक मतभेद विधायक से बने हुए हैं। इसी कारण मेरे विरुद्ध कार्यवाही कर मुझे पद से हटाने की बात की जा रही है।

## पहला कॉलम...

# महिला शिक्षिका की प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ शिकायत

### हमेशा नकारात्मक व्यवहार का आरोप, एफआईआर के बाद भी कार्यवाही नही

राजनांदगांव (दावा)। महिला शिक्षिका के साथ अव्यवहारिक बातचीत करने वाले प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ पीड़िता ने



एफआईआर दर्ज कराकर न्याय की मांग की है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रभारी प्राचार्य का उनके साथ हमेशा ही नकारात्मक व्यवहार रहा है। खैरागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गाड़ाघाट में प्रभारी प्राचार्य का दायित्व निभा रहे मानस दास साहू ने आपत्तिजनक व्यवहार किया। महिला शिक्षिका ने अपनी शिकायत में बताया कि 13 सितंबर को दोपहर में विभागवार प्रभार लेने के दौरान प्रभारी प्राचार्य ने गाली-गलौच वाली भाषा का उपयोग किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि मानसदास साहू का व्यवहार नकारात्मक हमेशा और महिला की मान-मर्यादा के खिलाफ रहा है। अपनी समस्या से शिक्षिका ने जिला शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया है। बावजूद इसके विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पुलिस ने शिक्षिका की शिकायत पर मानसदास साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351 (2) का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। राज्यपाल से पुरस्कृत मानस दास साहू का ऐसा कृत्य अशोभनीय है।

# हिरेन्द्र साहू ने 21वीं बार किया रक्तदान

राजनांदगांव (दावा)। मोदी जी के जन्म दिवस का सेवा पखवाड़ा व स्व. राजिंदर पाल भाटिया के पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान



शिविर का आयोजन भाजपा मंडल छुरिया द्वारा किया गया था। जिसमें हिरेन्द्र साहू खोराटोला ने 21वी बार रक्तदान किया। युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें की लगभग 100 रक्तवीरों ने रक्तदान किया जिसमें प्रमुख रूप से संजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, कामता साहू मंडल अध्यक्ष छुरिया, नैनसिंह पटेल, मायाराम साहू सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नारी शक्ति का सम्मान कर ट्रस्ट में पहली महिला सदस्य के रूप में श्रीमती कोठारी का मनोनयन

डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट कमेटी में नारी शक्ति



का सम्मान करते हुए मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने ट्रस्ट समिति के निर्वाचित सदस्यों की सहमति से वरिष्ठ भाजपा नेत्री व पूर्व पार्षद श्रीमती सुषमा कोठारी को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के इतिहास में पहली बार किसी महिला को ट्रस्टी के रूप में मनोनीत किया गया। श्रीमती कोठारी के शुभचिंतकों ने ट्रस्ट समिति में महिला प्रतिनिधित्व के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं समस्त ट्रस्टियों का आभार व्यक्त कर, कहा है कि, आशा है इस नियुक्ति से भविष्य में महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी।

# वीर कुमेश्वर कुंजाम को हेलमेट भेंटकर सम्मानित किया

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत पिनकापार में बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव के द्वारा निःशुल्क विशाल रक्तदान शिविर रखा गया, जिसमें ग्रामीणों के द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल छुरिया के महामंत्री अशोक मरकाम, मुकुंद कंवर, रेवाराम नेताम, एलआईसी अभिकर्ता मदन साहू, ललित कुंजाम, गजेंद्र बघेल प्राचार्य हाईस्कूल पिनकापार एवं ब्लड सेंटर के वर्करों की उपस्थिति में हुआ।

# आंदोलनकारी जुआं, सट्टा, शराब तस्करी जैसे अवैध कारोबार में लिप्त है, जनता को गुमराह कर रहे है - सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल

डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने कांग्रेस पर घटिया राजनीतिक का आरोप लगाकर कहा है कि, कभी शराब, जुआ, सट्टा को लेकर आंदोलन करना उसमें भी कई आंदोलनकारी खुद जुआ, सट्टा, शराब तस्करी जैसे अवैध कारोबार में खुद लिप्त है। कारोबारियों के साथ मिलकर जनता को गुमराह कर रहे है। अगर कांग्रेस नाम ओपन करें अवैध कारोबारियों का तो प्रशासन कार्रवाई करेगा। हाल ही में राजनांदगांव जिला के बजरंगपुर-नवागांव में जघन्य हत्याकांड को लेकर जिस तरह कांग्रेस राजनीति कर रही उसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते है और उन्हें सलाह देते हुए श्री हथेल ने कहा है कि, यह राजनीति करने का वक्त नहीं यह पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने का वक्त है। जिन लोगों ने अपराध किया है उन सबको तत्काल गिरफ्तार कर के कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।



एक तरफ सरकार की ओर से विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने परिवार के बीच पहुंच कर कहा है कि हम और सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और जो पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई बात भी खुलकर कहा इस केस के कोई भी दोषियों को बक्सा नही जाएगा। सांसद संतोष पाण्डेय ने भी इस घटना की कड़े शब्द में निंदा की कहा ऐसी घटना किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

श्री हथेल ने कहा कि, पूरी मुस्तेदी से पुलिस प्रशासन और सरकार ने अपना काम किया है, लेकिन कांग्रेस इसमें भी राजनीतिक करने से कोई परहेज नही कर रही है। यह वक्त है कांग्रेस भी पीड़ित परिवार के साथ खड़े होना चाहिए न कि इस जघन्य अपराध में राजनीतिक करने से बचना चाहिए। श्री हथेल ने कहा हम किसी घटना की निंदा करते है और समाज और सरकार प्रशासन के बेहतर तालमेल से ही ऐसी घटना रुकेगी। इस ओर हम सबको काम करने की आवश्यकता है। हम एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप से बचने के बजाय ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है।

# शा. महाविद्यालय गंडई में विश्व सफाई दिवस का आयोजन



गंडई (दावा)। शासकीय महाविद्यालय गंडई में आज विश्व सफाई दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि इस दिवस की आधिकारिक घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 8 दिसम्बर 2023 को की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य विश्व स्तर पर स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए अपने घर एवं परिसर को हमेशा स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए सफाई अभियान चलाया तथा अपने आसपास को हरा-भरा और स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापकगण टी. एल. वर्मा, खेल अधिकारी श्रीमती अनीता पौसार्या, जी.के. कौशिक, बी.आर. वर्मा, प्रदीप अमिला तथा समस्त अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख समाजशास्त्र विभाग के डॉ.ओमप्रकाश कौशिक द्वारा की गई। स्वच्छता दिवस के इस आयोजन ने विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जिम्मेदारी की भावना का संचार किया तथा इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# आसरा में आयोजित खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में 385 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क काढ़ा का वितरण भी




डोंगरगाँव (दावा)। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.शिल्पा मिश्रा राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में बीते दिवस आसरा में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 385 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु हितग्राहियों को निःशुल्क आयुष काढ़ा पिलाया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत की अध्यक्ष रंजिता पड़ौती के मुख्य आतिथ्य में तथा जनपद सदस्य अनिता पंचारी की अध्यक्षता में हुआ। बतौर विशेष अतिथि सरपंच शरद वैष्णव आसरा, बसंत निषाद तेन्दूनाला, सालिक राम लाऊत्रे बम्हनीभांठा, मीठुराम साहू विचारपुर नवागांव, हेतराम साहू आदि उपस्थित थे।

शिविर प्रभारी डॉ.वर्षा नागवंशी एवं समस्त आयुष स्टाफ की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। पश्चात् जनप्रतिनिधियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराकर शासन के योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के प्रयासों को खूब सराहा। इस शिविर में कुल 385 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ इनमें से अधिकांश को निःशुल्क आयुर्वेदिक, होम्योपैथी औषधि एवं आयुष काढ़ा का वितरण किया गया। इसके अलावा शिविर में निःशुल्क औषधि वितरण के साथ निःशुल्क बीपी, शुगर व नेत्र की भी जांच की गई। शिविर के दौरान ही जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.शिल्पा मिश्रा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शिविर में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया गया।

# नारी शक्ति, आस्था और एकता का संदेश लेकर जामुल से डोंगरगढ़ पहुँचेगी पदयात्रा



### माँ बम्लेश्वरी देवी की कृपा से शक्ति संकल्प पदयात्रा सफल होगी - श्रीमती सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग

डोंगरगढ़(दावा)। आगामी 24 सितंबर से जामुल दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होने वाली 'शक्ति संकल्प पदयात्रा' के सफल आयोजन हेतु आज दिनांक 20 सितंबर 2025 को जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे अपने पति सत्यप्रकाश बंजारे के साथ डोंगरगढ़ माँ बमलेश्वरी धाम पहुँचीं। इस दौरान भाजपा नेता प्रिंस कक्कड़ भी उनके साथ मौजूद रहे।

माँ बमलेश्वरी देवी के चरणों में श्रद्धाभावपूर्वक पदयात्रा का पहला आमंत्रण कार्ड अर्पित कर श्रीमती बंजारे ने आयोजन की सफलता, मंगलमयता एवं सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा– 'माँ बमलेश्वरी देवी की कृपा से शक्ति संकल्प पदयात्रा सफल होगी। यह यात्रा समाज में नारी शक्ति, आस्था और एकता का सशक्त संदेश लेकर आगे बढ़ेगी। ज्ञात हो कि यह पदयात्रा 24 सितंबर को जामुल से प्रारंभ होकर 25 सितंबर की सुबह डोंगरगढ़ पहुँचेगी। इसमें 100 से अधिक महिलाएँ तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेक पहल स्वच्छता अभियान के तहत लोगों में जागरूकता आई है और आमजन पर्यावरण संतुलन के प्रति सजग हुये हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस पहल से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने की बात कही साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री की उपलब्धियों से भी अवगत कराया। देशहित में उनके कार्यों को लेकर कुलपति ने अपने विचार प्रकट किये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस नेक पहल को आगे बढ़ाने के लिये विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाये रखने का शपथ लिया। इस दौरान एनएसएस प्रभारी डॉ. दिवाकर कश्यप ने सभी को स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो.डॉ. नमन दत्त, अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. देवमाईत मिंज सहित प्राध्यापकगण व विद्यार्थी-शोधार्थीगण उपस्थित रहे।

# जेन जेड के दिल में एबीवीपी- प्रदेश सहमंत्री अमन बृज नामदेव

### दिल्ली छात्र संघ में अभाविप का कब्जा, जश्न मनाया कार्यकर्ताओं




डोंगरगढ़(दावा)। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शानदार जीत हासिल की है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन को चार में से मात्र केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की उपलब्धि पर अभाविप की डोंगरगढ़ इकाई द्वारा गत रात्रि नगर के जयस्तंभ चौक में आतिशबाजी, फटाखे फोड़कर साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं ने प्रचंड जीत का उल्लास मनाया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहमंत्री अमन बृज नामदेव ने कहा एनएसयूआई वोट चोरी का मुद्दा बनाती रह गई और एबीवीपी दिल्ली के विद्यार्थियों का दिल चुरा के चली गई। देश की जेन जेड ने राहुल गांधी को धुतकारा पीयूएसयू के बाद डीयूएसयू में एबीवीपी को स्वीकारा जो विद्यार्थियों के बीच बढ़ते एबीवीपी की स्वीकार्यता को दर्शाता है। उक्त कार्यक्रम के दौरान टिकेंद्र साहू, अविनाश टेम्बुलकर, हेमंत मंडावी, कुश मालेकर, शुभम महोबिया, प्रियंका यादव, दिव्या ठाकुर, दिव्य किरण सिन्हा, निकिता यादव, साहिल चंद्राकर, ओंकार यादव, दुर्गेश कंवर, दीपेश साहू, बादल, अनुज कुंभलवार, गुलशन चंद्रवंशी, आयुष निर्मलकर, सागर द्विवेदी, सौम्य वैष्णव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध कार्यक्रम, ली गई स्वच्छता की शपथ

- सफाई केवल अभियान भर न रहे, बल्कि यह रोज़मर्रा की आदत बने, तभी हमारा शहर और प्रदेश गौरवान्वित होगा- रमन डोंगरे



डोंगरगढ़ (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अभियान (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) के तहत रविवार को धर्मनगरी डोंगरगढ़ में भव्य सफाई अभियान का आयोजन हुआ। इस मौके पर नगर पालिका परिषद, आईटीबीपी, एनएसएस, जनपद पंचायत, नवोदय विद्यालय, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सेवा कल्याण परिषद सहित विभिन्न संगठनों के सदस्य, अधिकारी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शहर के प्रमुख मार्गों, गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई कर कचरे का निस्तारण किया गया। साथ ही जलभराव की समस्या दूर करने ठोस कदम उठाए गए। सफाई कर्मचारियों की टीमों ने अलग-अलग वार्डों में अभियान चलाया। महावीर मंदिर प्रांगण में पहुंचे कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों को एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव (आईएएस) ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, 'यह एक निरंतर प्रक्रिया है। शहर, गांव, प्रदेश और देश को स्वच्छ बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश से प्रेरित होकर लोग अभियान से जुड़ रहे हैं। सफाई केवल अभियान भर न रहे, बल्कि यह रोज़मर्रा की आदत बने, तभी हमारा शहर और प्रदेश गौरवान्वित होगा।

# नगर निगम के सभी विभाग के कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

**समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर सौंपे गये दायित्वो का समर्पित भाव से कार्य करने कहा**



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक में कहा कि आप लोग पूर्व की बैठक मे दिए गये निर्देश का पालन किए है। कुछ निर्देश क्रियान्वयन नही हो पाया है, जिसके स्मरण के लिए आज बैठक रखी गयी है। उन्होंने कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बैठक में कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमें उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठता पूर्वक ईमानदारी से निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी समय में उपस्थित नहीं होते, शासन द्वारा प्रातः 10 बजे से कार्यालयीन कार्य प्रारंभ करने का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय में सभी कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना है तथा अपने उच्च अधिकारियों के आदेशो को मानना है उसकी अव्हेलना नही करनी है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता एवं जन प्रतिनिधियों से सीधा जुडा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रत पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, जिससे निगम का कामकाज प्रभावित होता है, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित होकर अपने कार्यो का निर्वाहन करेंगे। नागरिकों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है।

आयुक्त ने कहा कि फाईलो का संधारण व्यवस्थित तरीके से करें, विषयवार फाईल तैयार का उसमे ही आगे बढ़ाए ताकि फाईलों की गति बनी रहे और टेबल में फाईल पेंडिंग न रहे। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयो में सबसे महत्वपूर्ण सूचना का अधिकार होता है, जिसकी जानकारी समय सीमा में देनी होती है। कोई भी जानकारी लंबित न रहे नियमानुसार समय पर जानकारी देना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार नगर निगम स्वच्छता से जुडी संस्था है, जिसके आधार पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना है, अपने कमरा एवं टेबल के आस पास साफ सुथरा रखना है। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी बातो को ध्यान में रखकर हम अपने कार्यालय की गरिमा बरकरार रख सकते है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिये जामा मस्जिद कमेटी का सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी 1500 साला मुबारक का जश्न बड़े ही शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्यारेलाल स्कूल तुलसीपुर में सीरतुन्नबी कमेटी की जानिब से एक अजीमुश्शान तक़रीर और महफ़िले-मिलाद का एहतिमाम किया गया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में शहर के उलेमा-ए-किराम, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग और युवा शामिल हुए। जामा मस्जिद के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मेहमान-ए-खुसूसी मुफ़्ती हम्माद रज़ा क़बिला मुरादाबादी साहब तशरीफ़ लाए। उनके पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने उनका गर्मजोशी से इस्तक़बाल किया।




मुफ़्ती साहब ने तक़रीर के दौरान सीरत-ए-नबी पर रोशनी डालते हुए मोहब्बत, अमन और भाईचारे का पैग़ाम पेश किया। कार्यक्रम की सबसे खास बात रही कि शहर राजनांदगांव की जामा मस्जिद कमेटी को उनकी बेहतरीन खिदमत और लगन के लिये सम्मानित किया गया। जामा मस्जिद की मिल्कियत हिरामोती लाइन में नवनिर्मित मकान व दुकानों की तक़मील, जारी निर्माण कार्यों और रख-रखाव को व्यवस्थित ढंग से अंजाम देने के साथ-साथ मस्जिद के प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य करने के कारण यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद के निर्वाचित सदर हाजी रईस अहमद शकील साहब, उनके कारकुनान (कमेटी मेंबर), इंतज़ामिया कमेटी के अहलकार और ईमामे-जामा मस्जिद क़ारी क़ासिम रज़ा बरकाती साहब को मुफ़्ती हम्माद रज़ा साहब के दस्ते मुबारक से मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में जामा मस्जिद कमेटी से जुड़े हाजी फारूख भाई, हाजी तनवीर अहमद, मुन्ना इब्राहिम, सैय्यद अफ़ज़ल अली, ज़ाकिर अंसारी, इमरान बाठिया और हाजी अतहर साहब भी मौजूद रहे। उनके साथ शहर की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग भी इस मौके पर शरीक हुए। जामा मस्जिद कमेटी के इस सम्मान को लेकर पूरे शहर में खुशी का माहौल रहा। सीरतुन्नबी कमेटी और मोती मस्जिद तुलसीपुर की कमेटी के प्रतिनिधियों सहित शहर के युवा और बुद्धिजीवी वर्ग ने जामा मस्जिद की पूरी टीम को दिली मुबारकबाद पेश की। सभी ने माना कि जामा मस्जिद कमेटी ने न सिर्फ मस्जिद की इमारत और व्यवस्थाओं को संवारने का काम किया है बल्कि समाज में अमन और भाईचारे का माहौल कायम करने में भी अहम योगदान दिया है।

## आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की विभिन्न योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं से किया जा रहा लाभान्वित




ग्रामीणों को नीर और नारी जलयात्रा के माध्यम से जल संरक्षण एवं फसल चक्र परिवर्तन के लिए किया गया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। जिले में सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की विभिन्न योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं से लाभान्वित किया जा रहा है। छुरिया विकासखंड के कोलिहापुरी, पिनकापार, तुर्रेगढ़, लालूटोला, सीताकसा में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को नीर और नारी जलयात्रा के माध्यम से जल संरक्षण एवं फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया।

जिले में आदि कर्मयोगी अभियान बहु विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह अभियान योजना निर्माण को संस्थागत रूप देने तथा आदिवासी क्षेत्र में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राजनांदगांव जिले के 105 गांवों का चयन किया गया है।

जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाएं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना, पीएमजनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों में विकास के लिए जानकारी दी जा रही है।

जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक पेड मां के नाम के तहत पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। अर्जुनी निवासी श्रीमती देवला बाई साहू धर्मपत्नी अंजोर सिंह साहू का 18 सितम्बर का प्रातः 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय देवला बाई साहू घनश्याम साहू (वकील), पेमेंद्र साहू (शिक्षक) की माँ है. अंत्येष्टि कार्यक्रम मे उपस्थित नरेंद्र कुमार देवांगन शिक्षक (केसरीटोला) अंबागढ़ चौकी के द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत ग्राम अर्जुनी के शमशान घाट में मृतात्मा के नाम बरगद का पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अन्य शिक्षक साथी अजय कुमार ठाकुर, शीतेश कुमार निषाद, हीरालाल गजभिये, महेश अमेला सर, राजकुमार यादव, राजेश्वर साहू, दिनेश साहू, रोशन यादव, राजू राम रात्रे, भैयालाल साहू अध्यक्ष, शिव साहू संरक्षक, अलखराम साहू जी, हेमराय सिन्हा आदि शामिल हुए

## दीदीयों की कहानी उन्हीं की जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रांत सिंह ने कहा स्व-सहायता समूह की महिलाएं गांव की तरक्की की राह खोल रही हैं



स्वच्छता शपथ दिलाते हुए विक्रांत ने कहा- हर नागरिक की भागीदारी से ही सफल होगा स्वच्छता आंदोलन

खैरागढ़ (दावा)। 'दीदियों की कहानी, उन्हीं की जुबानी' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत के.सी.जी. कार्यालय में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने जीवन संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सामाजिक बदलाव की प्रेरक कहानियाँ साझा कीं। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी और उनकी सफलता की कहानियों ने उपस्थितजनों को गहराई से प्रभावित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने संबोधन में कहा कि, 'स्व-सहायता समूह की महिलाएं आज न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि समाज को भी दिशा देने का कार्य कर रही हैं। इनकी भागीदारी गांव की तरक्की का रास्ता खोल रही है। स्वच्छता के प्रति इनका योगदान सराहनीय है और यह आंदोलन तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक इसमें सहभागी बने।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी देवांगन, सभापति ललित चोपड़ा, दिनेश वर्मा एवं अरुणा सिंह बनाफर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल भी उपस्थित थे। जिन्होंने महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन हमेशा उनके साथ खड़ा है और आगे भी हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। 'दीदी के गोठ' के माध्यम से न केवल महिलाओं को एक मंच मिला, बल्कि उनके अनुभवों से अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी प्रेरणा मिली है। यह मंच महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। स्वच्छता शपथ के साथ यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ और यह संदेश छोड़ा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज प्रगति करता है।

# हिंदी दिवस पर आयोजित हुई अनोखी सृजन संगोष्ठी

**अलग-अलग विधाओं के सर्जकों ने साझा की अपनी रचनायें**
**जुगनुओं से है मोहब्बत अब अगर इसके लिए क्या जरूरी है कि सूरज को हटाया जाये**

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर राजनांदगॉंव संस्कृति एवं साहित्य परिषद व सृजनपीठ प्रकाशन ने एक ऑनलाइन सृजन संगोष्ठी का आयोजन कर हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस सृजन संगोष्ठी में कई रचनाकारों ने अपनी रचनाओं यथा कविता कहानी निबंध आदि को एक दूसरे से साझा किया। सृजनधर्मियों की इस सृजन संगोष्ठी की विशेषता यह थी कि इसमें किसी को अतिथि या अध्यक्षता का भार न सौंपकर सभी का हिंदी के सेवकों के रूप में अभिनंदन किया गया। इस सृजन संगोष्ठी में बड़ी मात्रा में सरस्वती के सेवकों ने जुड़कर हिंदी के प्रति अपनी भावांजलि अर्पित की।

संगोष्ठी के प्रारंभ में अपने आधार भाषण में परिषद के अध्यक्ष श्री अखिलेशचन्द्र तिवारी ने कहा कि इस ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन इस नाते किया गया है कि अलग-अलग स्थान पर बैठकर भी हम अपने लेखन की एक-एक रचना एक दूसरे से साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन कार्यक्रमों में कई लोगों का आना संभव नहीं हो पता तथा बहुत से ताम-झाम के बीच रचनाओं का रसास्वादन मुश्किल भी हो जाता है। इस अवसर पर डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियां हम सबको एक दूसरे के नजदीक ही नहीं लाती बल्कि एक दूसरे की रचनाओं से परिचय भी करती हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मां सरस्वती के आंगन के छोटे-छोटे पुष्प हैं और हमारी रचनाएं हमारी साधनाओं के लघु अक्षत हैं जो हम आज माँ सरस्वती को समर्पित कर रहे हैं।

कार्यक्रम का प्रारंभ ऑस्ट्रेलिया से जुड़े मृणाल शर्मा ने आरम्भ में सरस्वती वंदना से किया। इसके पश्चयात आज के दौर के प्रमुख साहित्यकार विनोद शुक्ल की एक कविता से संगोष्ठी की सृजन श्रृंखला शुरू हुई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध ललकार संतोष जैन ने अपनी एक ग़ज़ल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका एक शेर था- जुगनुओं से है मोहब्बत अब अगर इसके लिए क्या जरूरी है कि सूरज को हटाया जाये।

इस अवसर पर मृणाल शर्मा ने अपनी एक कविता पढ़कर समा बांधा,

ज्ञान भिक्षु हो गया शिक्षा धनी की दास है ,
आत्म का विक्रय करे पारस उसी के पास है।
संतुष्ट और सीमित जनों के लुप्तप्राय वर्ग है,
ऋणजीवियों के वास्ते झिलमिलाते स्वर्ग है ।

व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर ने इस अवसर पर व्यंग सुनते हुए उपस्थित जनों को हंसाया ही नहीं बल्कि चिंतन पर मजबूर किया। हिंदी के महत्व का गान लखनलाल साहू ने किया-हिंदी बने अभिव्यक्ति, हिंदी है राष्ट्रशक्ति। हिंदी के प्रचार प्रसार में सक्रिय युवा समीक्षक प्रोफेसर शुभम चंद्राकर (सिविल इंजीनियर) ने अपना लघु निबंध व काव्य पढ़ा।

इस अवसर पर नवोदित युवा कवि अनन्त शर्मा ने डर के मानवीकरण पर एक काव्य रचना साझा कर वाहवाही बटोरी। केशकाल घाटी से जुड़ीं रिटेनर एडवोकेट श्रीमती मनीषा तिवारी ने पढ़ा- मैं नदी हूँ, अपना रास्ता खुद बनाऊंगी। मंजिल को पाने की खुशियाँ खूब मनाऊंगी।

छत्तीसगढ़ के ख्यातिनाम छंद आचार्य गजेंद्र हरिहरनो ने अपनी छंद साधना से उपजे मनोरम छंद सुनाकर सबका मन मोह लिया। वहीं चन्द्र शेखर उइके ने तरन्नुम में एक गजल -कोई अपने घर में दिया... सुनाकर सबका मन प्रसन्न किया। इस अवसर पर डॉ नीलम तिवारी ने नारी जीवन पर केंद्रित सरस काव्यपाठ किया। व्यंग्यकार गजेंद्र बक्शी ने अपनी छोटी छोटी रचनायें साझा कर उपस्थित जनों का अनुराग अर्जित किया। अनुराग सक्सेना ने उत्साह और ऊर्जा भरा एक गीत सुनाया। इस अवसर पर अजय शुक्ल,गोपाल प्रसाद व्यास, श्रीमती सुनीला शुक्ला आदि हिंदी सेवियों ने भी इस सृजनसंगोष्ठी में सहभागिता दी। कार्यक्रम का सफल संचालन परिषद के महासचिव डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा ने किया।

## तिलई मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर ने रक्तवीरों को हेलमेट पहनाकर किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाड़ा रक्तदान शिविर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर एवं नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पूरे मंडल में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज तीसरा कार्यक्रम जो है संपन्न हुआ। मोदी के दीवाने पहुचे रक्तदान करने घुमका-तिलई मंडल में पहली बार 150 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ।

रक्तदान शिविर तिलई एवं घुमका मंडल के संयुक्त तत्वाधान में रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका में आयोजित शिविर ने इतेहासिक कार्य करते हुये 150 से अधिक रक्तदान करवाया। मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर नें सभी रक्तदात को हृदय से धन्यवाद दिया और कहा रक्तदान महादान है हम सबको रक्तदान करना चाहिये, इससे हम जरूरत मंद लोगो का मदद कर पाते है, आज के रक्तदान में 18 से 60 वर्ष के सभी व्यक्तियों ने जिसमे कॉलेज के स्टूडेंट, महिलांए, पुरुष सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। रक्तदान में आये सभी रक्तवीरों को हेलमेट प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

## शेष प्रथम पेज का

**0 'हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है - एच 1 बी वीजा ....**

शांति, स्थिरता और समृद्धि बनाए रखने के लिए आत्मनिर्भरता ज़रूरी है, खासकर दुनिया की सबसे ज़्यादा आबादी वाले देश में। उन्होंने कहा, भारत की सभी समस्याओं का एक ही इलाज है और वह है आत्मनिर्भरता।

**0 एनएचएम कर्मियों की 34 दिन की हड़ताल खत्म....**

हड़ताल स्थल कोन्हेर उद्यान में जीत का जश्न मनाया और बाइक रैली करते हुए सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे, जहां डा. शुभा गढ़वाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कर्मचारियों की ज्वाइनिंग स्वीकार की। जनस्वास्थ्य प्राथमिकताः दुबे संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने बताया कि जन सामुदाय के स्वास्थ्य एवं उनके हितों की रक्षा शुरू से ही संगठन की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र ही मांगों का निराकरण करने के निर्देश अफसरों को देने के बाद प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर सभी कर्मचारियों ने शनिवार को अपनी हड़ताल स्थगित करते हुए ज्वाइनिंग दे दी है। स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर लाने का दावा एनएचएम कर्मचारियों के काम पर वापसी के बाद अब स्वास्थ्य सुविधाओं के पटरी पर चलने की उम्मीद संघ ने जताई है। आज संगठन की कार्यवाही में जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष जीवन महंत, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री रितुराज शर्मा, राधेश्याम सूर्यवंशी, महिला विंग से अध्यक्ष अजीता पांडेय, उपाध्यक्ष, डॉ सिंड्रेला पाल, डा सोनम अग्रवाल, शहनाज़, हेमा, लक्ष्मी, वर्षा आदि शामिल रहे।

**0 ना पाक पड़ोसियों को कड़ा संदेश.....**

हमारे अन्नदाताओं का गौरव भी समाहित था। उन्होंने 1965 के युद्ध के दिग्गजों के जज्बे की भी सराहना की।

**0 छत्तीसगढ़ आएंगे गृह मंत्री अमित शाह .....**

75 दिनों तक चलता है बस्तर दशहरा

बस्तर दशहरा छत्तीसगढ़ के सबसे त्योहारों में से एक है। ये दुनिया के सबसे लंबे चलने वाले त्योहारों में से एक है, ये 75 दिनों तक चलता है। इसकी शुरुआत 13वीं शताब्दी में राजा पुरुषोत्तम देव के शासनकाल में हुई थी। दंतेवाड़ा में स्थित शक्तिपीठ देवी दंतेश्वरी मंदिर के केंद्र यह त्योहार मनाया जाता है। इसमें मां दंतेश्वरी और स्थानीय देवी-देवताओं का मिलन होता है। इस दौरान एक भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है, जिसे पाट जात्रा कहा जाता है।

**0 राहुल गांधी के खिलाफ चलेगा राष्ट्रद्रोह मामला....**

सोच-समझकर, पूरी मानसिक स्थिरता के साथ दिया गया, जो संभवतः विदेशी ताकतों के इशारे पर था। उन्होंने कहा, यह गृह युद्ध की स्थिति पैदा करने की साजिश है। परिवाद में राहुल समेत मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे अन्य कांग्रेस नेताओं को भी तलब करने की मांग की गई है।

**0 यात्रियों को बड़ी राहत- रेलवे ने घटाई ....**

संशोधन किया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस फैसले से यात्रियों को न केवल सस्ता पानी मिलेगा, बल्कि निजी विक्रेताओं द्वारा ओवरचार्जिंग की समस्या पर भी रोक लगेगी।

**0 बिहार को लूटा, बना दिया भ्रष्टाचार का अड्डा....**

उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त बिहार बनाना है। युवाओं को रोजगार, महिलाओं को अधिकार देंगे। सितंबर 2025 में अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए तेजस्वी ने कहा, मैं तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। बिहार की जनता ही मालिक है। उन्होंने पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा के बिहार दौरे को ÷चुनावी स्टंट÷ बताया, कहते हुए कि चुनाव खत्म होते ही बिहार को भूल जाएंगे।

**0 हाईवे पर आए दिन मवेशियों की मौत....**

किया गया है। बिलासपुर-पथरापाली खंड के भीतर पेंड्रीडीह में मवेशी मंच बनाया गया है। इस मंच का उद्देश्य आवारा मवेशियों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र प्रदान करना है, जिससे उन्हें राजमार्गों पर भटकने से रोका जा सके।

0 हाई कोर्ट ने दिए यह निर्देश

1. मुख्य सचिव को सभी सुझावों पर पुनर्विचार करने के आदेश
2. शहर और हाईवे पर मवेशी न दिखें, इसकी व्यवस्था हो
3. मवेशियों के लिए स्थायी आश्रय, पानी और चारे की व्यवस्था की जाए
4. पंचायत से लेकर नगर निगम तक सभी जिम्मेदार इकाइयाँ सक्रिय हों

0 मवेशियों की मौतों का सिलसिला जारी

प्रदेश में मवेशियों की मौतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जयरामनगर रोड पर ट्रेलर से 14 मवेशी कुचले गए, जिसमें 10 की मौत हुई। गतौरा में एक दिन पहले 8 मवेशी मारे गए। बोदरी क्षेत्र में भी मवेशियों के झुंड से ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। किसानों ने फसल नुकसान और गौशाला योजनाओं के ठप होने पर नाराजगी जताई है।

# पीएम मोदी चाहते तो..., भारत-पाक सीजफायर पर ट्रंप के दावों की यूरेशिया अध्यक्ष ने निकाली हवा



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान मध्यस्थता का दावा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक बार फिर किरकिरी हुई है। यूरेशिया ग्रुप के प्रेसिडेंट इयान ब्रेमर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप के दावों को खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है और इसे एक साहसिक कदम करार दिया है।

ब्रेमर ने कहा, उन्हें (ट्रंप को) परवाह नहीं है, उन्हें लगता है कि मैं ताकतवर हूं, मैं राष्ट्रपति हूं तो आपको मेरी बात सुननी होगी लेकिन हमने देखा है कि कुछ ऐसे देश भी हैं जो ट्रंप के सामने खड़े होकर नहीं कह सकते हैं। चीन ट्रंप के सामने खड़ा हुआ, रूस भी खड़ा हुआ। मुझे लगता है कि मोदी उस स्थिति में हैं। वो भारत-पाकिस्तान के मुद्दे पर ट्रंप को शर्मिंदा होने से बचा भी सकते थे लेकिन उन्होंने सार्वजनिक रूप से नहीं कहने का फैसला किया। कहा, नहीं आपका इससे कोई लेना-देना नहीं है और वाकई वैश्विक मंच पर ट्रंप को शर्मिंदा कर दिया।

### पीएम मोदी के इस फैसले को बताया रणनीतिक कदम

राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी के इस फैसले को एक रणनीतिक कदम बताया। उन्होंने संकेत दिया कि ट्रंप का सार्वजनिक रूप से विरोध करने के उनके कदम से उन्हें घरेलू स्तर पर मदद मिली और उन्हें एक ऐसी राजनीतिक आजादी मिली जो अमेरिकी सहयोगियों के बीच दुर्लभ है।

यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष ने कहा, मोदी ने व्यक्तिगत रूप से तय किया था कि वह इसे सार्वजनिक करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति को शर्मिंदा करेंगे, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति मोदी से कहीं ज्यादा शक्तिशाली हैं और उस पद पर बैठे ज्यादातर नेताओं ने चुप रहना ही बेहतर समझा है।

उन्होंने इसे बर्दाश्त कर लिया है। कुछ नेताओं ने तो खुलकर इस बारे में बात भी की है कि ट्रंप कितने अद्भुत हैं, कितने शानदार हैं। कीर स्टारमर को ही देख लीजिए, जिन्हें ट्रंप की विचारधारा बिल्कुल पसंद नहीं है, लेकिन उन्हें यह बात पसंद है कि उन्हें ट्रंप से दूसरे देशों के मुकाबले बेहतर डील मिली। वह बहुत कमजोर स्थिति में हैं... मोदी वास्तव में इसके बिल्कुल उलट हैं और इससे घरेलू राजनीति में मोदी को जरूर मदद मिली है। हम देखेंगे कि सुरक्षा और आर्थिक संबंधों पर इसका कोई व्यापक असर पड़ता है या नहीं।

### अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों पर क्या बोले ब्रेमर?

वहीं, ट्रंप प्रशासन और पाकिस्तानी सैन्य हलकों के बीच संबंधों में कथित गर्मजोशी को लेकर ब्रेमर ने कहा कि यह बातचीत रणनीतिक कारणों से कम, बल्कि ट्रंप के आंतरिक घेरे से जुड़े आर्थिक और व्यापारिक उद्देश्यों से अधिक प्रेरित थी।

उन्होंने कहा, यह ज्यादातर व्यापार से जुड़ा है। जेक सुलिवन ने हाल ही में इस बारे में काफी लिखा है... यहां नैतिकता का अभाव है, परिवार में एक तरह का चोरतंत्र और कुलीनतंत्र का भाव है और प्रशासन के इर्द-गिर्द ऐसे लोगों का एक समूह है जो दुनिया के भरोसे हैं और पाकिस्तान के साथ काफी व्यापार कर रहे हैं। और इसी वजह से वे यहां आए हैं। मुझे नहीं लगता कि यह कोई खास रणनीतिक बदलाव है। मुझे लगता है कि यह अवसरवाद है और यह कुछ पैसों का मामला है। काश ऐसा न होता। अमेरिका को इस तरह नहीं चलना चाहिए। लेकिन जो कोई भी इस बारे में रिपोर्टिंग देख रहा है, वह इस सच्चाई को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

# गंडई में रजत जयंती समारोह, छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के विकास पर क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



गंडई पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में रजत जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत, छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, प्राचार्य डॉ. डी.पी.कुर्रे के मार्गदर्शन में, एक विशेष क्विज़ और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा (2000 से 2025 तक)' था।

इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में, प्रतिभागियों ने 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ द्वारा हासिल की गई प्रगति को कलात्मक रूप से प्रस्तुत किया और अपने चित्रों के माध्यम से राज्य के विकास की कहानी को दर्शाया।

वहीं, क्विज प्रतियोगिता में लगभग एक दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया। छात्रों को अलग-अलग टीमों में बाँटा गया, जहाँ उन्हें सामान्य ज्ञान से संबंधित सवालों का जवाब 20 सेकंड के भीतर मौखिक देना था। तीन राउंड के बाद, तीन टीमों ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंडई प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद नामदेव थे, उनके साथ क्लब के रोहित देवांगन और यावर नियाजी खान भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का निर्णय जी.के. कौशिक, डॉ. दिलेश्वरी साहू और गौरव जैन ने किया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप अमीला, सह-संयोजक सुश्री शिल्पी देवांगन और डॉ. ओ. पी. कौशिक सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### इन्होंने किया कार्यक्रम को सम्बोधित

क्विज प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता के समापन के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि विनोद नामदेव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। जीत हार अपनी जगह है, प्रयास अपनी जगह पर किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेते समय उसकी सम्पूर्ण तैयारी करना भी आवश्यक है। इसी प्रकार कार्यक्रम को सम्बोधित करते क्लब के रोहित देवांगन में भी अपने विचार रखते सभी को बधाई दिए।

# कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार अतरिया का किया निरीक्षण, दी सेवाओं में सुधार के निर्देश



'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' शिविर का भी किया अवलोकन

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आज विकासखंड खैरागढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार अतरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं, स्टाफ उपस्थिति, दवा उपलब्धता, मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं तथा साफ-सफाई की स्थिति का विस्तार से अवलोकन किया।

### मरीजों से बातचीत और फीडबैक

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इलाज के लिए आए मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल सेवाओं पर अपनी राय साझा की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण उपचार मिले, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

### आयुष्मान और वय वंदना कार्ड

कलेक्टर ने बाजार अतरिया सेक्टर के सभी ग्रामों में 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

कलेक्टर ने ओपीडी सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन करने के निर्देश दिए ताकि पारदर्शिता और त्वरित सेवा सुनिश्चित हो सके। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित कर कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं का सौ प्रतिशत पंजीयन करने तथा प्रत्येक महिला की कम से कम चार प्रसव पूर्व जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर उनके उचित प्रबंधन और उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़कर संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### प्रयोगशाला सेवाओं का विस्तार

कलेक्टर ने शासन द्वारा निर्धारित सभी लैब टेस्ट सेवाओं को बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक जांच सुविधाएं प्राथमिक स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।

### अभियान का अवलोकन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर का भी अवलोकन किया और वहां उपस्थित महिलाओं से बातचीत की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन सहित स्वास्थ्य केंद्र का पूरा चिकित्सकीय स्टॉफ उपस्थित रहा।

# जेम पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**कलेक्टर की अध्यक्षता में 109 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण**

खैरागढ़ (दावा)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा रैंप योजना के अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जेम पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की। कार्यशाला में जिले के शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई), उद्यमियों, व्यापारियों और सेवा प्रदाता फर्मों के 109 प्रतिभागी उपस्थित हुए।

### जेम पोर्टल से मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

महाप्रबंधक प्रणय बघेल ने कार्यशाला की शुरुआत करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब सभी वस्तुओं और सेवाओं की खरीदी सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य रूप से की जाएगी। यह पोर्टल जिले के उत्पादों और सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमियों का पंजीयन इस दिशा में पहला कदम है, जिसमें जेम पोर्टल सहायक सिद्ध होगा।

### प्रतिभागियों से सीधे संवाद

कलेक्टर चंद्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि उपस्थित सभी प्रतिभागी इस अवसर का पूर्ण उपयोग करें और जेम पोर्टल से संबंधित अपनी शंकाओं का निराकरण इसी कार्यशाला में कर लें। उन्होंने उद्यमियों और शासकीय अधिकारियों को ई-मार्केटप्लेस की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### विशेषज्ञों ने दी विस्तृत जानकारी

कार्यशाला में जेम दिल्ली से आए प्रशिक्षक राकेश तिवारी ने प्रतिभागियों को पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया, सरकारी खरीदी के नियम, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग निर्माण और एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उद्यमियों और अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। अंत में महाप्रबंधक प्रणय बघेल ने सभी प्रतिभागियों के सकारात्मक सहयोग और सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला का समापन किया।

# भाजपा मंडल गैंदाटोला द्वारा ग्राम हैदलकोडो में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता व वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया गया



छुरिया (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला द्वारा ग्राम पंचायत हैदलकोड़ो में स्वच्छता कार्यक्रम व एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य रूप से उपस्थित रही। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव के 15 वे वित्त के राशि से प्रदत्त पानी टैंकर के पूजा कर ग्रामवासी को समर्पित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहून बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा मंडल गैंदाटोला द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। जिसमें आज स्वच्छता का कार्यक्रम व वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।जिसमें राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव की उपस्थिति में स्कूल प्रांगण में साफ सफाई किया गया व वृक्षारोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था।

उन्होंने 'स्वच्छ भारत' का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान कि शुरुआत की थी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने इसके सफल कार्यान्वयन हेतु गांव के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

साथ ही उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहु, महामंत्री रामकुमार मंडावी, उपाध्यक्ष रीना कुलदीप, उपाध्यक्ष कुमार साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि विष्णु साहू, प्रदीप वर्मा, एस कुमार सिन्हा, होम साहू सरपंच, हेमंत कौशल सरपंच, शशि कुमार खिलारी उपसरपंच, गजेंद्र पाल, रामकुमार यदु ग्राम पटेल, तारा साहू, सुनीता बंजारे, पुष्पा बंजारे, भुनेश्वरी उईके, सीमा उईके,लोमिन साहू, जानकी मरकाम, लेखराम साहू, प्रकाश साहू, थानसिंह साहू, सुशीला साहू, गंगोत्री जांगड़े, निमेश्वरी साहू, गंगोत्री उईके, जया उईके, बसंती साहू,पवन रेखा खिलारी, हिना खुटेरे कामनी खिलारी, सुनीता जोशी, बिल्लू सेन, खिलावन जेथमल, दुर्गा साहू निर्मल मरकाम संजय साहू, गीतादास साहू, डेविड नेताम, गुलाब चंद साहू ग्राम पंचायत एवं शाला परिवार समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

# श्वेता गणवीर का चयन प्रयोगशाला परिचालक उच्च शिक्षा विभाग में

**जब तक मैं अधिकारी नहीं बन जाती तब तक ये सफर जारी रहेगा - श्वेता गणवीर**



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ की होनहार बिटिया श्वेता गणवीर पिता धन्नालाल गणवीर एवं माता श्रीमती चित्ररेखा गणवीर की पुत्री का चयन प्रयोगशाला परिचालक उच्च शिक्षा विभाग में होने पर समाज एवं डोंगरगढ़ वासियों में खुशी का माहौल है ।

श्वेता ने बताया कि यह वेकेंसी का आनलाइन फार्म उन्होंने 2023 में भरा था। परीक्षा उपरांत दिनांक 18 नवंबर 2025 को परिणाम जारी हुआ। पिता धन्नालाल गणवीर स्लिपाट फैक्ट्री डोंगरगढ़ में सुपरवाइजर है व माता गृहणी है। वर्तमान में श्वेता केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में प्राथमिक शिक्षक (संविदा) के रूप में सेवारत हैं। पिछले वर्ष केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्राथमिक शिक्षक (संविदा) के रूप में सेवारत थी। श्वेता ने कहा कि अभी तो ये शुरुआत है, जब तक मैं अधिकारी नहीं बन जाती तब तक ये सफर जारी रहेगा। उन्होंने सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों मित्रों एवं प्रेरणादाई महापुरुषों को दिया है।

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया ओजोन संरक्षण दिवस




डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष हेमुराम पद्मे तथा डॉ. नौशीन अंजुम के मार्गदर्शन में 16 सितंबर को ओजोन संरक्षण दिवस के अवसर पर विभागीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व एवं इसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष हेमुराम पद्मे एवं डॉ. नौशीन अंजुम ने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए। श्री पद्मे ने ओजोन परत को जीवन रक्षक कवच बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. अंजुम ने कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव और जागरूकता के प्रयास से ओजोन क्षरण को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। तृतीय सेमेस्टर के नोकेश कुमार साहू एवं उदय कुमार लाउत्रे तथा प्रथम सेमेस्टर की कुमारी ललिता सिन्हा ने ओजोन परत के महत्व पर भाषण दिया। साथ ही मानसी कुंजाम, प्रियंका कोर्राम, संध्या रामटेके, खोमेश्वरी साहू, अंजली कामड़े, रोशनी लाउत्रे, हिमानी साहू, ऊष्मा देवांगन, लिकेश्वरी ठाकुर, विकास जाधव एवं देवबरस की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग छात्र परिषद के सचिव उदय कुमार लाउत्रे ने किया तथा परिषद अध्यक्ष नोकेश कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया।

# राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल www.eraæjgar.cg.gaæv.in के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

उप संचालक रोजगार ने बताया कि राजनांदगांव जिले से रोजगार मेला में शामिल होने के लिए 3721 आवेदकों ने ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। इन आवेदकों में से 2654 आवेदकों ने अपनी प्रोफाईल पूर्ण नहीं की हैं। जिन आवेदकों ने प्रोफाईल पूर्ण नहीं की है, वे शीघ्र ही ई-रोजगार पोर्टल पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला पंजीयन प्रक्रिया ऑप्शन पर क्लिक कर राज्य स्तरीय रोजगार मेला लॉग इन पर क्लिक कर अपना मोबाईल नंबर डालकर ओटीपी से लॉगिन कर रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाईल पूर्ण कर लें। आवेदकों द्वारा प्रोफाईल पूर्ण नहीं करने पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए पात्र नहीं होंगे।

उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय का पोर्टल वर्ष 2024 से ई-रोजगार पोर्टल में परिवर्तित हो गया हैं। जिन आवेदकों ने 2024 के पूर्व पंजीयन कराया हैं, वह ई-रोजगार पोर्टल पर आधार अपडेट कर सकते हैं। आधार अपडेट नहीं कराने वाले आवेदक राज्य स्तरीय रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैम्प में शामिल नहीं हो पाएंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव एवं दूरभाष क्रमांक 07744-299523 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत दो शातिर चोरों को पकड़ा





राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल सुरक्षा बल ने अपने विशेष अभियान ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत दो अलग-अलग मामलों में चोरी और छिनतई के आरोप में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों से चोरी की गई संपत्ति भी बरामद कर ली गई है। मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में गठित विशेष टास्क टीम लगातार रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में गश्त कर रही है।

### पहला मामला : मोबाइल चोरी

12 सितंबर को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18237) में यात्रा कर रहे एक यात्री का सैमसंग मोबाइल (कीमत 23,999 रूपए) गोंदिया स्टेशन से निकलने के बाद चोरी हो गया था। इस मामले की शिकायत जीआरपी गोंदिया में दर्ज कराई गई थी। लगातार प्रयासों के बाद विशेष टास्क टीम ने 18 सितंबर को गोंदिया-दुर्ग लोकल ट्रेन (गाड़ी संख्या 68724) में मनोज शर्मा (45, निवासी दुर्ग) को संदेह के आधार पर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और चोरी का मोबाइल बरामद कर लिया गया।

### दूसरा मामला : नगदी छिनतई

14 सितंबर को पैसेंजर ट्रेन (गाड़ी संख्या 58825) में एक यात्री से सिवनी स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने टिकट जांच के बहाने 9,500 रूपए छीन लिए थे। इस मामले की शिकायत जीआरपी छिंदवाड़ा में दर्ज की गई थी। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर विशेष टीम ने 17 सितंबर को हरिजन मोहल्ला सिवनी (मध्य प्रदेश) से रोहित कुमार सनोडिया को गिरफ्तार किया।

# थाना बोरतलाव क्षेत्र में लोगों को चाकू दिखाकर डराने वाले आरोपी गिरफ्तार



**डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जिला राजनांदगांव मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा निर्देश में थाना बोरतलाव में दिनांक 19.09.25 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि रेल्वे स्टेशन रोड व रानी अवंतीबाई प्रवेश द्वार ग्राम बोरतलाव में कुछ लोग चाकू दिखाकर डरा -धमका रहे है, कि सूचना तस्दीक पर थाना से पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंच कर घेरा बंदी किया गया।**

आरोपियों का नाम पता पूछने पर आरोपीगण लीलाराम सोनकर पिता स्व. विशाल सोनकर उम्र 35 साल निवासी रायपुर भाठागांव वार्ड नंबर 63 थाना पुरानी बस्ती रायपुर, धीरज फुन्डे पिता भूषण फुन्डे उम्र 35 साल निवासी कालामाटी वार्ड नंबर 03 थाना आमगांव जिला गोदिया महाराष्ट्र, तेजराम उर्फ तेजस पिता जगदीश आडे उम्र 30 साल निवासी कोण्डा कोसरा वार्ड नंबर 03, सुभाष वार्ड थाना अडयाल जिला भंडारा महाराष्ट्र, जयराम उर्फ मनीष पिता स्व. धर्मराज सेवईवार जाति कलार उम्र 46 साल निवासी बलमाटोला रायपुर रतनारा थाना दवनेवाडा जिला गोंदिया महाराष्ट्र का रहने वाला बताया, उनके कब्जे से धारदार हथियार बरामद किया गया।

### आरोपियों के विरुद्ध हत्या सहित आने चोरी और डकैती के मामले सरहदी थाने में दर्ज

सरहदी थानों से जानकारी प्राप्त करने पर जानकारी मिली कि आरोपी तेजराम के विरुद्ध एक हत्या और नौ चोरी, लूट, डकैती के मामले पंजीबद्ध है जो जिला भंडारा से जिला बदर है इसी तरह धीरज का भी 6 मामले चोरी लूट डकैती के पंजीबद्ध है अन्य दो के भी चोरी लूट के अपराध पंजीबद्ध है सभी की पहचान जेल में हुई थी जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देते बरामद कर, विरूद्ध अपराध क्रमांक 49/25, 50/25, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त आरोपीयों का न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# कस्तूरबा महिला मंडल ने प्रधानमंत्री मोदी जी का धूमधाम से मनाया



राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्म पूरे देश भर में धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर के समाजसेवी महिलाओं का संगठन कस्तुरबा महिला मंडल द्वारा भी प्रधानमंत्री मोदी जी का 75 वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी के नेतृत्व में 17 सितंबर को मोदी जी के जन्म दिन अवसर मेडिकल कॉलेज पेंड्री जिला चिकित्सालय में आयोजित विशाल मेगा हेल्थ शिविर में स्वस्थ महिला सुदृढ़ समाज कार्यक्रम में कस्तूरबा की समाजसेवी महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता सेवा प्रदान की । उक्त मेगा आयोजन में मंडल की सदस्य अर्चना दास एवं टीना खंडेलवाल ने ब्लड डोनेट कर संस्था का मान बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ प्रकाश खूंटे व लायन्स क्लब नांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल व अन्य जन मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिन पर आयोजित उक मेगा शिविर में पधारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह व उनके सुपुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शिविर में महिलाएं संरक्षक शारदा तिवारी, सचिव साधना तिवारी, प्रभा ठाकुर आदि समाजसेवी महिलाओं से सौजन्य भेंट दी।

# कलेक्टर ने किया जोरातराई प्राथमिक शाला का निरीक्षण



**बच्चों से पूछा गणित और रंगों से जुड़े सवाल, नवोदय परीक्षा पर दी मार्गदर्शन**

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आज विकासखंड खैरागढ़ अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जोरातराई का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए, उनकी शैक्षणिक समझ, तार्किक क्षमता और पोषण योजना की स्थिति का जायजा लिया।

### गणित और इंद्रधनुष के रंगों पर बच्चों ने दिए सही जवाब

कक्षा पहली एवं दूसरी में गणित का पाठ चल रहा था। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बच्चों से जोड़ से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर बच्चों ने उत्साहपूर्वक और सही तरीके से दिया। उन्होंने दीवार पर बने चित्रों व रंगों पर भी प्रश्न किए तथा इंद्रधनुष के सातों रंगों की पहचान कराई। सही उत्तर मिलने पर बच्चों की तालियां बजवाकर हौसला अफजाई की और चॉकलेट वितरित किए। इस दौरान कलेक्टर खुद एक शिक्षक की भूमिका में नजर आए।

### नवोदय परीक्षा के लिए दी प्रेरणा

कक्षा पाँचवीं के बच्चों से बातचीत के दौरान कलेक्टर ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कुछ तार्किक प्रश्न पूछे और उनके विभिन्न हल निकालने के तरीके भी समझाए। उन्होंने बच्चों को नियमित अभ्यास करने और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के उत्साह और उत्तर देने की क्षमता की सराहना करते हुए, शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री पोषण योजना की गुणवत्ता परखी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत बच्चों को मिलने वाले भोजन की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों से मेनू के बारे में पूछा और भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा की।

# मानव मंदिर चौक के दो-दो दुकानों में चोरी, पुलिस गस्ती को चुनौती दे गए चोर

- घड़ी दुकान से महंगी घड़ियां व दवाई दुकान से 7-8 लाख रुपए ले गए चोर
- ब्लू डायमंड कालोनी में डॉक्टर के यहां घुसे चोर, 1 लाख की चोरी, बाइक भी पार

राजनांदगांव (दावा)। शहर का सबसे सुरक्षित और प्रायः सबकी नजरों में रहने वाला मानव मंदिर चौक के आसपास की दुकानों में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी कर सनसनी फैला दी है। चोरों ने न केवल मानव मंदिर चौक समीप स्थित गणेश मेडिकल स्टोर्स व नरेश वाच कंपनी में चोरी कि नंदई- मोहारा रोड स्थित ब्लू डायमंड कालोनी के घरों में धावा बोल कर 1 लाख रुपए के गहने जेवर व नगदी सहित दो बाइक भी उड़ा ले गए।

### गणेश मेडिकल स्टोर्स में हुई चोरी

बता दें कि मानव मंदिर चौक में बुधवार 17 सितंबर की रात मे चोरों ने नरेश वाच कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद समीप ही स्थित पीपल नीम के पेड़ों से चढ़कर छत से होते हुए गणेश मेडिकल स्टोर्स में प्रवेश किया और वहां गल्ले में रखे तीन दिन की कमाई लगभग 7 लाख रुपए ले गए। बताया जाता है कि तीन चोर जहां दुकान के अंदर घुसे हुए थे वहीं एक चोर लोगों पर नजर रखने बाहर खड़ा था। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे से बचने दुकान में रखे पालिथीन कैरीबैग को अपने सिर में चढ़ा लिया था। चोरी कार्य को अंजाम देने के बाद चोर आटो रिक्शा में बैठकर स्टेंशन की ओर चले गए। यह सब सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है। कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज अपने पेन ड्राइव में लेकर चली गई और उक्त धारा पर जांच करने जुट गई है।

### नरेश वाच कंपनी में चोरों ने बोला धावा

मानव मंदिर चौक के समीप पुराने राम टाकिज काम्प्लेक्स में नरेश वॉच कंपनी की घड़ी दुकान है। दुकान का संचालक अनिल परचानी बुधवार को दुकान बंद करने के बाद अपने घर चले गये। दूसरे दिन गुरुवार को अवकाश रहने के कारण दुकान बंद रही। तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह दुकान आया तो देखा कि दुकान के गल्ले में रखे ढ़ाई लाख रुपए वहां नहीं है। आसपास नजर घुमाया तो दर्जन भर से ज्यादा महंगी हाथ घड़ियां गायब थी। जिनकी कीमत 70 से 80 हजार रुपए बताई जाती है।

### ब्लू डायमंड कालोनी से गहने जेवर व बाईक पार

चोरों ने शहर के भीतर बुधवार को दो दुकानों को अपना निशाना बनाया ही साथ ही नंदई-मोहारा रोड स्थित ब्लू डायमंड कालोनी के दो-तीन घरों में भी धावा बोला। चोरों ने यहां निवास करने वाले हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश भालेराव के सूने घर में दबिश देकर 30 हजार रुपए नगद व 70 हजार रुपए के जेवरात चोरी कर ली। यही नहीं चोरों ने कालोनी निवासी बैंक प्रबंधक चंद्रप्रकाश देशमुख व राजेश करंडे की बाइक भी उठा ले गए।

बताया जाता है कि कालोनी में अपनी पत्नी के साथ निवास करने वाले डॉ. भालेराव के पुत्र बैंगलोर में है जिनसे मिलने वे दोनों बैंगलोर गए हुए थे। इससे घर सूना पड़ा था। चोरों ने मौका देखकर घर का ताला तोड़कर लगभग 1 लाख रुपए के नगदी गहनों पर हाथ साफ कर दिया। शहर में तीनों वारदात एक ही रात होने से पुलिसिया गस्त पर न केवल उंगलियां उठने लगी है, पुलिस की कथित सक्रियता पर भी सवाल उठने लगे हैं। बहरहाल जहां नंदई-मोहारा रोड के कालोनी में हुई चोरी की वारदात की शिकायत पर बसंतपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है वहीं शहर के बीचों बीच हुई दुकानों में चोरियां के संबंध में कोतवाली थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कार्रवाई में जुटी हुई है। अब देखना है कि शहर में दो-दो, तीन-तीन स्थानों पर चोरी कार्य को अंजाम देने वाले चोर कब तक पुलिस के हाथ लगते हैं। मानव मंदिर चौक के दोनों नामी दुकानों में हुई चोरी की घटना की चर्चा शहर भर बनी हुई है।

# आज शहर में श्री गुरु तेगबहादुर की शहादत को समर्पित धुबड़ी साहेब से आरंभ शहीदी यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। हिंद की चादर नौवें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर साहेब की शहादत को समर्पित 350 साला शहीदी यात्रा जो कि आसाम धुबरी से आनंदपुर साहिब के लिए आरंभ हुई हैं, यह यात्रा 4 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ प्रवेश कर चुकी है। 350 साल पूर्व हिंदू धर्म की खातिर, तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए शहादत देने के कारण ही श्री गुरूतेग बहादुर साहेब को 'हिंद की चादर' के सम्मान से संबोधित किया जाता है।

यह शहीदी यात्रा 20 सितंबर रात्रि रायपुर पहुंचने के बाद टाटीबंध विश्राम उपरांत रविवार 21 सितंबर को रवाना होगी। भिलाई, दुर्ग से होते राजनांदगांव में यह यात्रा बीजेपी ऑफिस से सर्विस रोड में प्रवेश करेगी तथा गुरुद्वारा साहिब लगभग 11 बजे पहुंचेगी। जहां समूह सिख संगत तथा नगरवासियों द्वारा भावभीना स्वागत तथा सत्कार किया जाएगा। प्रसाद तथा स्वल्पाहार उपरांत यह यात्रा 12 बजे गुरुद्वारा तुमड़ीबोड पहुंचेगी, यहां संगत द्वारा स्वागत सत्कार उपरांत यात्रा डोंगरगढ़, देवरी से महाराष्ट्र प्रवेश करेगी। इस यात्रा में पावन गुरुग्रंथ साहिब की पालकी, प्राचीन ऐतिहासिक शस्त्रों का वाहन, पंज प्यारो की गाड़ी समेत लगभग 25 गाड़ीयों का काफिला रहेगा।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव प्रबंधक कमेटी ने समूह सिख संगत भाइयों बहनों के साथ समस्त नागरिकगणों से निवेदन किया है कि 21 सितंबर 11 बजे गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर शहीदी यात्रा का सत्कार पूर्ण श्रद्धा के साथ कर हिंद की चादर गुरु तेगबहादुर साहिब की तथा अन्य शहीदों भाई सतीदास, भाई मतीदास, भाई दयालाजी की शहादत को नमन करे।




# सरपंच कैलाश उके ने प्रेस वार्ता आयोजित कर आदिवासी समाज से मांगी मांफी



**मामला वनांचल क्षेत्र बोरतलाव का, सरपंच पर जातिगत टिप्पणी करने का आरोप**

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच व सरपंच संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष कैलाश उके ने शनिवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने समाज वालों से माफी मांगी है। उन्होंने आदमी समाज के वरिष्ठों से माफी की मांग की है।

सरपंच कैलाश उके का कहना है कि ग्राम पंचायत बोरतलाव में चल रहे घटनाक्रम को लेकर उस दौरान उनके द्वारा सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जसवंत गावड़े और गोंड महासभा के लोगों के प्रति वे न्यायोचित शब्दों का प्रयोग नहीं कर पाए, जिसका कि उसे काफी खेद है। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि उसके शब्दों से आदिवासी समाज को जो अघात पहुंची है उसकी ऐसी मंशा बिल्कुल नहीं थी। उन्हें समाज प्रमुखों के संबंध में ऐसा नहीं कहना चाहिए था। सरपंच कैलाश उके ने भविष्य में ऐसी ग़लती कभी नहीं होने की बात कही है और समाज से माफी मांगते हुए कहा है कि वे समाज का सम्मान करते हैं। उसके ही बदौलत वे इस मुकाम हासिल की हैं। उससे ऐसी ग़लती दोबारा नहीं होगी।

बता दें कि ग्राम पंचायत बोरतलाव में चल रहे विवाद पर वर्तमान सरपंच कैलाश उके डोंगरगढ़ में प्रेस वार्ता आयोजित कर अपना पक्ष रखा और जनपद सभापति व ग्राम के पूर्व सरपंच सरिता मंडावी द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज किया। वहीं इस दौरान सरपंच कैलाश उके ने समाज के वरिष्ठ नेताओं द्वारा आदिवासी समाज को ढाल बना कर उनके अधिकारों का दुरुपयोग होने की बात कही थी और समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े सहित समाज के वरिष्ठ नेताओं को इस्तीफा दे देना चाहिए तक की बात कह दी थी। आदिवासी समाज के वरिष्ठों के खिलाफ गई। इस तरह की बात पर उन्हें अफ़सोस होने के बाद

# बच्चे को गुलैल से मारने की बात पर युवक की पीट-पीट कर हत्या



**तीन आरोपियों को लिया गया पुलिस हिरासत में, भेजा गया जेल**

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ चौकी क्षेत्र वाले दीवानभेड़ी गांव में बच्चे को गुलेल से लगी चोट से मामला इतना बढ़ गया है कथित चोटिल बच्चे के परिजनों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार सुबह 10 बजे के आसपास की बताई जाती है। पुलिस ने आरोपी फूलबाई पति फूलसिंग साहू उम्र 65 वर्ष, फूल सिंग साहू स्व. कृपाराम साहू उम्र लगभग 70 वर्ष, राहुल यादव पिता स्व. मेघनाथ यादव उम्र 35 वर्ष निवासी दीवानभेड़ी पुलिस चौकी तुमडीबोड़ थाना लालबाग को हिरासत में लिया जाकर उन्हें जेल भेज दिया गया है। तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के निर्देशानुसार पुलिस चौकी तुमडीबोड़ के अपराध क्र. 434/2024 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. में दिनांक 19 सितम्बर को सुबह करीब 10 बजे मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दीवानभेड़ी ग्राम पंचायत भवन के पास घनश्याम साहू नाम के व्यक्ति का हत्या हो गयी है।

इस पर तत्काल ग्राम दीवानभेड़ी पंचायत भवन पहुंचकर सूचना की तस्दीक किया गया, पंचायत भवन के पास घनश्याम साहू अचेत अवस्था में पाया गया, जिसे गांव के फूलसिंग साहू, राहुल यादव व अन्य लोग मेरे नाती को गुलैल मार रहे हो कहकर सभी मिलकर हाथ मुक्का से लात घुसा व डंडे से मारपीट करना बताये। मारपीट करने से घनश्याम के सिर में गंभीर चोट व हाथ के कोहनी, दोनों पैर, हाथ व शरीर में मारने से चोट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किये जाने की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को जरिये फोन के माध्यम से घटना की जानकारी से अवगत कराया तथा घटना स्थल के संबंध में साक्ष्य संकलन हेतु एफएसएल यूनिट को सूचनार्थ कर मौके का निरीक्षण किया गया बताया गया कि उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी चन्द्रशेखर साहू ने पुलिस चौकी मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 सितंबर को मैं अपने घर बगदई थाना डोगरगांव में था, करीबन 10:00 बजे प्रार्थी को दीवानभेडी के अशोक साहू व देवेन्द्र साहू द्वारा फोन कर बताया कि आपके भाई घनश्याम को गांव वाले मार रहे है, बताने पर डायल 112 को फोन किया घटना के बारे में बताया और तत्काल बगदई से दीवानभेडी आया और गांव वालो को पुछने पर गौतम साहू ने बताया कि आपका भाई ग्राम पंचायत के पास पडा है, बताने पर जाकर देखा घनश्याम वहा पर तड़प रहा था, तब चंन्द्रशेखर के द्वारा पानी पिलाने पर होश में आया और मृतक के भाई से पूछने पर घनश्याम ने बताया कि मैं गुलैल रखा था, जिसे गांव के फूलबाई साहू, फुलसिंग साहू, राहुल यादव व अन्य लोग मेरे नाती को गुलैल मार रहे हो कहकर सभी मिलकर हाथ मुक्का से लात घुसा व डंडे से मारपीट करना बताये। मारपीट करने से घनश्याम के सिर में गंभीर चोट व हाथ के कोहनी, दोनो पैर हाथ व शरीर में मारने से चोट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किये जाने की रिपोर्ट पर रिपोर्ट पर ही देहाती मर्ग एवं देहाती अपराध धारा 103(1), 3(5) बीएनएस कायम कर असल नंबर मर्ग क्रं. 83/25 धारा 194 बीएनएसएस एवं अप.क्र. 434/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. कायम किया गया तथा मृतक घनश्याम साहू पिता स्व. अंकालुराम साहू उम्र 34 वर्ष निवासी दीवानभेडी पुलिस चौकी तुमडीबोड़ के शव का पंचनामा कार्यवाही किया गया। बाद मृतक का मेडिकल कालेज अस्पताल से पी.एम. कराया गया। तत्पश्चात शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया। फिलहाल तीनों आरोपियों के खिलाफ़ अपराध संबंधी सबूत पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

# अग्रसेन जयंती, आज सांस्कृतिक संध्या में नृत्य नाटिका





**देश मेरा रंगीला में दिखी भारत की सांस्कृतिक झलक**

राजनांदगांव (दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 21 सितम्बर, रविवार को 'सांस्कृतिक संध्या' में नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति होगी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, श्रीमती जागृति गर्ग तथा संयुक्त जिलाधीश श्रीमती शीतल बंसल इस कार्यक्रम के अतिथि होंगे।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि जबलपुर की पूजा एण्ड पार्टी द्वारा नृत्य नाटिका की यह प्रस्तुति अग्रसेन भवन के सभागार में होगी, जिसकी सारी तैयारियां कर ली गई है। श्री अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह 22 सितम्बर, सोमवार को होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। अग्रवाल सभा के शरद अग्रवाल (पोहा), शिव अग्रवाल, राजेश जिंदल, राजेश खोखरिया, बिसन अग्रवाल, परमानंद गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, रमणीक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल अंकुर अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, चैतन्य अग्रवाल, सूरज अग्रवाल के साथ सभी पदाधिकारी एवं समाज जन जयंती महोत्सव को सफल बनाने तैयारियों में जुटे हुए हैं।

मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि विगत दिवस शुक्रवार को अग्रवाल महिला मंडल द्वारा भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक झलक का प्रदर्शन 'देश मेरा रंगीला' थीम पर डांस एवं रैम्प वॉक के माध्यम से किया गया। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, सचिव रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल ने जानकारी दी कि प्रतिभागी महिलाओं ने छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में वहां की संस्कृति को अपने बेहतरीन डांस और रैम्प वॉक से प्रस्तुत किया। उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम की होस्ट रश्मि अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, रश्मि रुंगटा एवं प्रियंका लोहिया ने अपनी रोचक शैली से दर्शकों को बांधे रखा।

इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे, ओवर ऑल कैटेगरी में प्रथम अनुराधा पोद्दार, अंकिता पोद्दार, द्वितीय मुस्कान अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल। बेस्ट डांस, प्रथम मोना अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, द्वितीय संध्या लोहिया, पूजा अग्रवाल। बेस्ट कास्ट्यूम प्रतिभा अग्रवाल, आर्ची अग्रवाल। बेस्ट रैम्प वॉक, दीप्ति लोहिया, दिप्ति अग्रवाल। लक्की ड्रा में अनुराधा पोद्दार विजेता रही। नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता (किड्स) में प्रथम तनुष अग्रवाल, द्वितीय मानवी अग्रवाल, (जूनियर) में प्रथम केशव अग्रवाल, द्वितीय आर्यन अग्रवाल। म्यूजिकल चेयर (महिला) में प्रथम अनिता अग्रवाल, द्वितीय पायल अग्रवाल।

# पूज्य सिंधी पंचायत में सामाजिक कुरीतियों पर प्रतिबंध लगायी



**विवाह समारोह में अमर्यादित नीति बर्दाश्त नहीं होगी**

राजनंदगांव (दावा)। आगामी वैवाहिक मांगलिक कार्यक्रमों को दृष्टि में रखते हुए पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर ने वैवाहिक कार्यों की कुछ अनीतिपूर्ण गतिविधियों और नई परंपराओ पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करते हुए सभी सामाजिक बंधुओ से इसका पालन करने का आवाहन किया है। जिसकी जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी को बैठक में दी गई। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, घनश्यामदास गंगवानी, गुरमुखदास वाधवा एवं अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी के अनुसार समाज में क्षणिक आनंद की खातिर संस्कारों की हत्या की जाती है,इसलिए इस पर तुरंत एक्शन लेते हुए बैठक में पुल पार्टी पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। और समाज की सगाई,वैवाहिक स्थल पर शराब/बियर/धुम्रपान/हुक्का आदि पर प्रतिबंध लगाया गया है। बारातियों को बारात मार्ग एवं किसी खुले स्थान पर मदिरापान कराने पर भी पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

समस्त वैवाहिक कार्यक्रम विवाह पत्रिका में तय समयानुसार किए जाएं। प्री वेडिंग शूट पर पूर्व से जारी प्रतिबंध रहेगा। बारात में रोड साइड महिलाओं का नाचना एवं फटाका फोड़ना वर्जित है। वर्षों से चली आ रही परंपरा के विकृत रूप लेने के कारण बारात पहुंचने पर वधु पक्ष से पैसे की मांग, दूल्हे को कंधे पर उठाना या अन्य अभद्र व्यवहार पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। समाज के महासचिव हरीश मोटलानी ने कहा कि 'वरमाला' एक बहुत ही मर्यादित 'संस्कार' है। नवयुगल से सहर्ष झुककर स्वीकार करने का आग्रह किया गया है, इसमें किसी भी प्रकार का मजाक न उड़ाने का निवेदन किया गया है। पूज्य पंचायत के जन संपर्क प्रभारी अमर लालवानी एवं अरुण डूलानी ने बताया कि उक्त समस्त नियम शहर से बाहर होने वाले विवाह समारोह पर भी लागु रहेंगे। पूज्य पंचायत के उपाध्यक्ष राजकुमार डुलानी, चंदन रूचंदानी, प्रहलाज चेतवानी एवं अर्जुन गंगवानी ने समाज के सभी बंधुओ से नियमो का पालन करने का आव्हान किया है।

# पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के संबंध में मीडिया में प्रकाशित खबर तथ्यों पर आधारित नहीं

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के संबंध में मीडिया में प्रकाशित खबर तथ्यों पर आधारित नहीं है। प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ ने बताया कि विद्यालय परिसर में छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है। परिसर पूर्णतः सीसीटीवी निगरानी एवं शिक्षकगण की सतत देखरेख में संचालित है। साथ ही समय-समय पर परामर्श एवं पर्यवेक्षण किया जाता है। विद्यालय में किसी भी तरह की ऐसी कोई घटना घटित नहीं हुई है, जैसा समाचार में प्रकाशित किया गया है।

प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ ने बताया कि विद्यालय में छात्र अध्ययनरत है। 18 सितम्बर 2025 को सुबह 7 बजे 4-5 अन्य छात्र सदन में उपस्थित थे तथा शेष छात्र विद्यालय के लिए निकल चुके थे। उपस्थित छात्रों की प्रत्यक्ष सूचना के अनुसार छात्र अपने पास रखी रस्सी को लेकर पंखे पर फेंकने लगा, उपस्थित छात्रों ने पूछा कि तुम क्या कर हो? उसने कहा मैं फॉसी लगाना चाहता हूँ, ऐसा कह कर वह रस्सी अपने गले में स्वयं के हाथों से लपेट कर कसने लगा। उपस्थित छात्रों ने ऐसा करने से रोका इस पर वह उन्हें धक्का देकर भगाने लगा। उनमें से एक छात्र ने तत्काल इस घटना की सूचना हाऊस कैप्टन को देनी चाही, किन्तु कैप्टन को उपलब्ध नहीं पाकर सदन के एक अन्य छात्र ने दौड़कर पास में ही सदन अध्यक्ष को घटना के विषय में सूचना दी। सदन अध्यक्ष ने तत्काल केयर टेकर को साथ में लेकर घटना स्थल पर जाकर छात्र जो अपने गले में रस्सी लपेटे हुए बिस्तर पर बैठे रो रहा था, उसे रस्सी से मुक्त किया एवं घटना की सूचना विद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र के पालक को दी।

विद्यालय में परामर्शदात्री का छात्र के विषय में अभिमत है। छात्र को नेत्र संबंधी गंभीर बीमारी है। उसकी एक आंख नहीं है एवं दूसरी आंख में आंशिक दृष्टि है।

छात्र के पालक द्वारा बताया गया है कि छात्र का ईलाज शंकर नेत्रालय चेन्नई में जारी है। छात्र शारीरिक रूप से सामान्य बच्चों की तरह सक्षम नहीं होने के कारण विद्यालय की गतिविधियों में भागीदारी नहीं कर पाता है। थकान व कमजोरी होने के कारण छात्र कक्षा के दौरान एवं विद्यालय के अन्य स्थानों पर सो जाता है। छात्र का स्वास्थ्य विद्यालय की आवासीय परिस्थितियों के अनुकूल नहीं है। उसे निरन्तर चिकित्सकीय देखभाल और घर परिवार का सहयोग अतिआवश्यक है। विद्यालय प्रशासन सदैव छात्रों के हित एवं उनके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका निवारण तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किया जाता है।

# पंजवानी 25वीं बार बने दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। श्रीकृष्ण नव दुर्गा उत्सव समिति चौखड़िया पारा वार्ड नं. 41 में सिंधी धर्मशाला के पीछे शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गोत्सव हेतु आयोजन समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें वार्ड के पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस नेता अशोक पंजावनी को 25वीं बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। श्री पंजवानी हर वर्ष पूरी ईमानदारी से लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में उन्हें सर्वसम्मति से 25वीं बार अध्यक्ष चुना गया। पंजवानी ने कहा कि जब तक माँ दुर्गा मुझे शक्ति देंगी, तब तक मै सेवा करता रहूंगा। मैं माता दुर्गा से यह प्रार्थना करूंगा कि संस्कारधानी और छत्तीसगढ़वासियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। समिति के अध्यक्ष अशोक पंजवानी, उपाध्यक्ष - रवि सोनी, कोषाध्यक्ष-नरेश कुमार यादव, सचिव - पूरन लाल साहू, सहसचिव - कीर्तन यादव एवं सदस्यगण व समस्त चौखड़िया पारावासी।

# हेमू कालानी नगर में तीन गलियों का सीसी रोड कार्यो का भूमिपूजन हुआ



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड क्रं. 23 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राजा माखीजा के नेतृत्व में हेमू कालानी चौक के अध्यक्ष ज्ञानचंद लालवानी द्वारा गली नंबर 10, 11, एवं 12 के सीसी रोड के भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ज्ञानचंद लालवानी ने पार्षद राजा माखीजा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता पर समझौता न करने की समझाईस भी दी। इस अवसर पर राजकुमार डुलानी, पवन अदानी, महेश मोटलानी, मुरली फगवानी, सुरेश लालवानी, प्रकाश वाधवानी सहित बडी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

किराये से देना है
1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम
रेंट पर देना है ।
Near the D mart
महाकाल मंदिर के पास।
-: संपर्क :-
मो.- 7000180368

आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।
संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com